RNI नं. : 7387/63
मुद्रण तिथि : 29-30 जून 2025
डाक प्रेषण तिथि : 29 जून 2025-01 जुलाई 2025
ISSN : 2456-611X

वर्ष : 63 अंक : 06
मूल्य : ₹10/- पृष्ठ संख्या : 72
डाक पंजीयन संख्या : BIKANER/022/2024-26
Office Posted at R.M.S., Bikaner

राम चमकते भानु समाना

श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ का मुखपत्र

# श्रमणोपासक

समाचार पाक्षिक

गुरु भगवंतों के चरण बढ़ रहे
देशनोक की ओर...
हम सब करें वंदन...
राम जन्मभूमि बनेगी चंदन
पधार रहे माँ गवरा के नंदन



# संघ शिखर सदस्य


श्री शांतिलाल जी सांड
बेंगलुरु
MID No. : 189067


श्री विमल जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 127238


श्री रिद्धकरण जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 111161


श्री जयचंदलाल जी डागा
बीकानेर
MID No. : 108244


श्री सोमप्रकाश जी नाहटा
सूरत
MID No. : 126222


श्रीमती मंजू जी शाह (बोहरा)
पिपलिया कलां
MID No. : 128972


स्व. श्री मूलचंद जी डागा
बीकानेर
MID No. : 187427


समता मनीषी
स्व. श्री उमरावमल जी बम्ब, टोंक
MID No. : 121469


स्व. श्री विजयचंद जी डागा
बीकानेर
MID No. : 120472


श्री माणकचंद जी नाहर
उदयपुर
MID No. : 107109


श्रीमती कुमुद विमल जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 127237


श्री दिनेश जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 111134


श्री पंकजराज जी शाह (बोहरा)
पिपलिया कलां
MID No. : 128966


गुप्त
छत्तीसगढ़
MID No. : 197441


श्री सुरेश जी दक
मैसूर
MID No. : 129730


श्री कांतिलाल जी कटारिया
रतलाम
MID No. : 185412


श्री विजय कुमार जी टंच
बदनावर
MID No. : 113207

# संघ महाप्रभावक सदस्य


श्री सोहनलाल जी पोखरना
चित्तौड़गढ़
MID No. : 135732


श्री अनिल जी सिपानी
बेंगलुरु
MID No. : 127002


श्री जयचंदलाल जी मरोटी
देशनोक/कोलकाता
MID No. : 114715


स्व. श्री शांतिलाल जी बच्छावत
सूरत
MID No. : 194606


श्री राजमल जी पंवार
कानवन
MID No. : 113094


श्रीमती संतोष देवी मोदी
भिलाई
MID No. : 135692


श्री कमल जी बैद
मुंबई
MID No. : 141022


श्री विजय जी (कमला देवी)
गोलछा, बीकानेर
MID No. : 127729


श्रीमती कमला उत्तम जी
कोठारी, बेंगलुरु
MID No. : 112429


श्रीमती मनोरमा देवी बैद
रायपुर
MID No. : 138223


श्रीमती कुसुम जी टंच
बदनावर
MID No. : 160383


श्री बसंतलाल जी कटारिया
रायपुर
MID No. : 137280


श्रीमती बसंती देवी पींचा
नोखा/गुवाहाटी
MID No. : 151607


श्रीमती सुंदर बाई कोटड़िया
कोंडागाँव
MID No. : 135345


श्री महेंद्र जी सोनावत
भीनासर
MID No. : 128978

## चतुर्थ चरण


श्री प्रकाश जी कांकरिया
इंदौर
MID No. : 194512


स्व. श्रीमती सरोज देवी
सुराणा, बेरला
MID No. : 195647


श्रीमती गुलाब देवी
भंसाली, कोलकाता
MID No. : 129491


श्री सोहनलाल जी रांका
ब्यावर
MID No. : 138078


श्रीमती मधुलता जी
लोढ़ा, डोंगरगाँव
MID No. : 143002


स्व. श्री बापूलाल जी
कोठारी, उदयपुर
MID No. : 112429


श्री भीखमचंद जी
ओस्तवाल, कलंगपुर
MID No. : 132856


श्री दिलीप जी ओस्तवाल
कलंगपुर
MID No. : 132873


स्व. श्री कँवरलाल जी
देशलहरा, गुंडरदेही
MID No. : 133824


श्री प्रेमचंद जी व्होरा
बदनावर
MID No. : 113593


श्री निर्मल जी खिंवसरा
ब्यावर
MID No. : 135071


श्री अखराज जी
ओस्तवाल, भिलाई
MID No. : 142740


श्री झंवरलाल जी
कुम्मट, सिलचर
MID No. : 113897


श्री पीयूष जी बैद
कोलकाता
MID No. : 100069

## कार्यसमिति (10 जनवरी 2016) के अनुसार

### तृतीय चरण

✻ श्री अनिल कुमार जी गोलछा-सिलचर ✻ श्री प्रकाशचंद जी कोठारी-अमरावती ✻ श्रीमती कमला देवी संचेती-देशनोक/दिल्ली ✻ श्री सुंदरलाल जी बोथरा-मुंबई ✻ श्री गोपालचंद जी खिंवसरा-बेंगलुरु ✻ श्री दिलीप जी पगारिया-जावरा ✻ श्रीमती ज्ञान कँवर जी ओस्तवाल-ब्यावर ✻ श्री प्रकाशचंद जी श्रीश्रीमाल-हैदराबाद ✻ गुप्तदान-भीलवाड़ा ✻ श्रीमती सुनीता जी मेहता-बेलगाँव ✻ श्री निहालचंद जी कोठारी-ब्यावर ✻ श्री प्रकाशचंद्र जी चपलोत-निम्बाहेड़ा ✻ श्री विजय कुमार जी मुणोत-हैदराबाद

### द्वितीय चरण

✻ श्री तेज कुमार जी तातेड़-इंदौर ✻ श्री बसंतीलाल जी चंडालिया-चित्तौड़गढ़ ✻ श्रीमती इंद्रा बाई धाड़ीवाल-रायपुर ✻ श्री राजकुमार जी बाफना-हरदा ✻ श्री चेतन कुमार जी हिंगड़-ब्यावर ✻ श्री अभय कुमार जी भंडारी-जावरा ✻ श्रीमती कमला कँवर जी कोठारी-चेन्नई ✻ श्रीमती इंद्रा बाई गुणधर-संबलपुर ✻ श्री उदयराज जी पारख-रायपुर ✻ श्री प्रेमचंद जी कोठारी-चेन्नई ✻ श्री विमलचंद जी सुराणा-गीदम ✻ श्री अरुण जी मालू-कोलकाता ✻ श्री विनोद जी मिन्नी-कोलकाता ✻ श्रीमती सुधा जी भंसाली-कोलकाता ✻ श्री शुभकरण जी भूरा-भुवनेश्वर ✻ श्री किरणचंद जी गुलगुलिया-चिकमगलूर

### प्रथम चरण

✻ स्व. श्रीमती सूरजा देवी बरड़िया-सिलचर ✻ श्री मनोज कुमार जी संचेती-बेलगाँव ✻ श्री मुन्नालाल जी पँवार-कानवन ✻ श्री भागचंद जी सिंघी-जोधपुर ✻ श्री सुधीर जी जैन-पिपलिया मंडी ✻ गुप्त-बंगईगाँव ✻ श्री अमरचंद जी बैद-नोखा ✻ श्री जीवनलाल जी गोखरू-कानवन ✻ श्री सुगनचंद जी धोका-चेन्नई ✻ श्रीमती राजरानी जी रजत जी मूथा-जयपुर ✻ श्रीमती गुलाब देवी बोथरा-पंचकुला ✻ श्रीमती लीला देवी बंब-चेन्नई ✻ श्री पूनमचंद जी सुराणा-सूरतगढ़ ✻ श्रीमती जमना देवी लूणावत-नोखागाँव ✻ श्री पदम जी बाँठिया-चेन्नई ✻ श्री संजय जी मालू-कोलकाता ✻ श्री कांतिलाल जी छाजेड़-रतलाम ✻ श्री जयंतीलाल जी गाँधी-अंकलेश्वर ✻ श्री प्रकाश जी गाँधी-अंकलेश्वर ✻ श्री गौतम जी गाँधी-अंकलेश्वर ✻ श्री भागीचंद जी डागा-कोलकाता ✻ श्री अजीत जी कांकरिया-सूरत ✻ श्री अमरचंद जी बागरेचा-साजा ✻ श्रीमती मंजू देवी कटारिया-रतलाम ✻ श्रीमती इमरती देवी सुराणा-गीदम ✻ श्री सुशील जी गोरेचा-रतलाम

## रचनाएँ आमंत्रित

500 शब्द शब्द सीमा अथवा एक पेज

आप संघ के मुखपत्र के नियमित पाठक हैं यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। श्रमणोपासक के प्रत्येक माह के धार्मिक अंक भिन्न-भिन्न विषयों पर आधारित होते हैं। इसी क्रम में आगामी धार्मिक अंक ● **तपस्या : वैज्ञानिक एवं धार्मिक परिप्रेक्ष्य में** ● **हमारे दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता एवं भौतिकता का संतुलन** विषयों पर आधारित रहेंगे। कृपया विषय संदर्भित आपकी रचनाएँ यथाशीघ्र ही भिजवावें। उपरोक्त विषय के अतिरिक्त प्रेरणात्मक सारगर्भित विषयों पर भी लेख, रचनाएँ आदि स्पष्ट एवं सुंदर शब्दों में सादर आमंत्रित हैं।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ द्वारा साधुमार्गी परिवारों को जारी M.I.D. (ग्लोबल कार्ड) नंबर हो तो उसका उल्लेख अवश्य ही करें। आप अपनी रचनाएँ दिए गए मोबाइल व वॉट्सएप नंबर या ईमेल द्वारा भी भेज सकते हैं।

– श्रमणोपासक टीम

9314055390

news@sadhumargi.com

# मुमुक्षु सुश्री अदिति (जिया) जी चिप्पड़



## संक्षिप्त परिचय

| | | |
|---|---|---|
| जन्म स्थान | : | रतलाम (म.प्र.) |
| मूल निवासी | : | प्रतापगढ़ (राज.) |
| जन्म तिथि | : | 14 दिसंबर, 2005 |
| वैराग्यकाल | : | लगभग डेढ़ वर्ष |
| व्यावहारिक शिक्षा | : | बी.सी.ए. - प्रथम वर्ष |
| धार्मिक अध्ययन | : | श्रीमद् दशवैकालिक सूत्र के 4 अध्ययन, पुच्छिंसु णं, भक्तामर, उववाई सूत्र |
| धार्मिक शिक्षा | : | आरुग्गबोहिलाभं |
| तपाराधना | : | 9 उपवास |
| धार्मिक परीक्षाएँ | : | जैन सिद्धांत बत्तीसी, तत्व का ताला, आगम स्तोक मंजूषा, कुछ थोकड़े, कर्म प्रज्ञप्ति प्रवेश ग्रंथ |
| पदयात्रा | : | लगभग 200 कि.मी. |
| संभावित दीक्षा प्रसंग | : | 12 जुलाई, 2025, देशनोक |

## पारिवारिक परिचय

| | | |
|---|---|---|
| पड़दादाजी-पड़दादीजी | : | स्व. श्री शांतिलाल जी-स्व. श्रीमती रेशम बाई चिप्पड़ |
| दादाजी-दादीजी | : | स्व. श्री राजमल जी-सुशीला बाई चिप्पड़ |
| बड़े दादाजी-दादीजी | : | कोमल सिंह जी-भगवंता बाई चिप्पड़ |
| छोटे दादाजी-दादीजी | : | पारसमल जी-मोहन देवी, अशोक कुमार जी-जीवनवाला जी चिप्पड़ |
| पिताजी-माताजी | : | आशीष कुमार जी-अनिता जी चिप्पड़ |
| बड़े पिताजी-माताजी | : | श्रीपाल जी-प्रेमलता जी चिप्पड़ |
| चाचाजी-चाचीजी | : | अमित जी-मोनिका जी, अंकित जी-प्रियंका जी, जयेश जी-समता जी चिप्पड़ |
| भाई | : | आदित्य, आगम, तक्ष, रिषभ चिप्पड़ |
| बहन | : | ध्याना, मनस्वी, आज्ञा, रिषिका चिप्पड़ |
| भुआजी-फूफाजी | : | स्व. श्रीमती स्नेहलता जी-महेंद्र जी खोखावत, सरोज जी-अनिल जी खेतपालिया, विद्या जी-पूरण जी दशोरिया, सीमा जी-राकेश जी डांगी |
| नानाजी-नानीजी | : | बसंतीलाल जी-बेबी बाई पंवार (कानवन) |
| मामाजी-मामीजी | : | पंकज जी-सुनीता जी, नीरज जी-खुशबू जी, मनीष जी-सिंपी जी पंवार |
| परिवार से दीक्षित | : | श्री हर्षित मुनि जी म.सा., श्री पूर्वी श्री जी म.सा., श्री मर्यादा श्री जी म.सा. |

|| जय गुरु नाना ||

|| जय गुरु नाना || || जय गुरु राम ||

## हुक्मसंघ के नवम् नक्षत्र, संयम के सजग प्रहरी, परमागम रहस्यज्ञाता, व्यसनमुक्ति प्रणेता, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील संप्रेरक

# परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008
# श्री रामलाल जी म.सा.

## बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर
## श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा.

**आदि ठाणा के पावन वर्षावास - 2025 का प्रसंग रखे जाने वाले समस्त आगारों सहित देशनोक संघ को प्राप्त हुआ है।**

सभी सम्मानित श्रावक-श्राविकाओं व संघों से विनती है कि इस पावन अवसर पर संघ एवं परिवार सहित पधारकर धार्मिकता तथा आध्यात्मिकता की भव्यता से अपने जीवन को आत्मकल्याण की ओर अग्रसर करें।

**स्थानक**
श्री जैन जवाहर मंडल (श्री साधुमार्गी जैन समिति),
हिरावत गेस्ट हाउस के पास, तेमड़ाराय मार्ग,
देशनोक-334801, जिला- बीकानेर (राज.)

**चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष :** +91 98450 78928

| | | | |
|---|---|---|---|
| संघ अध्यक्ष :<br>+91 95882 98906<br>संघ मंत्री :<br>+91 80948 12556 | चातुर्मास कार्यालय संयोजक :<br>+91 94141 15164<br>कार्यालय :<br>+91 95218 67958 | आवास-निवास :<br>+91 91731 30000<br>+91 94144 51132<br>कार्यालय :<br>+91 63753 59089 | चौका व्यवस्था :<br>+91 99830 33479<br>+91 82091 85929 |

**निवेदक:**
**श्री साधुमार्गी जैन समिति, देशनोक**
• समता युवा संघ • समता महिला मंडल • समता बहू मंडल •

।। जय गुरु नाना ।। ।। जय महावीर ।। ।। जय गुरु राम ।।

अध्यक्ष/मंत्री, स्थानीय श्री संघ के लिए

संघ हमारा अविचल मंगल,
नन्दनवन सा महक रहा....

# स्वाध्यायी आमंत्रित करें

दिनांक– 20–27 अगस्त 2025

## पर्युषण पर्व

में धर्माराधना के लिये स्वाध्यायी आमंत्रित कीजिये।

स्वाध्यायियों के लिए

आप तिरे – औरों को तारे

# स्वाध्यायी सेवा दीजिये

दिनांक– 20–27 अगस्त 2025

## पर्युषण पर्व

में धर्माराधना के लिये स्वाध्यायी सेवा दीजिये।

– संघ के नियमानुसार यात्रा व्यय देय है।

अपनी स्वीकृति गुरुचरणों में समर्पित कर संघ का गौरव बढ़ाएं –

**शीघ्र व्हाट्सअप करें - 72318-66008 या 92291-91008**

राम चमकते भानु समाना

# समता प्रचार संघ

(अंतर्गत : श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ, बीकानेर)

राम चमकते भानु समाना

## श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

# आचार्य श्री नानेश समता पुरस्कार

श्री अ.भा.सा. जैन संघ द्वारा समता विभूति आचार्य श्री नानेश की पावन स्मृति में दिए जाने वाले 'आचार्य श्री नानेश समता पुरस्कार' के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जा रही हैं।

### 1. पुरस्कार के लिए पात्रता एवं नियम

(1.1) यह पुरस्कार आचरण पर आधारित है। जिस व्यक्ति के जीवन में समता दर्शन और व्यवहार प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षित होता है, वही व्यक्ति इस पुरस्कार हेतु नामांकित हो सकता है।

(1.2) इस पुरस्कार के लिए जो स्वयं को पात्र समझते हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। अन्य व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा भी इस प्रकार के श्रेष्ठ व्यक्ति का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है।

(1.3) पुरस्कार के लिए जाति, धर्म एवं आयु आदि का कोई बंधन नहीं रहेगा।

### 2. पुरस्कार का स्वरूप

(2.1) पुरस्कृत होने वाले समता मनीषी को दो लाख रुपए का चैक, अभिनंदन-पत्र एवं स्मृति-चिह्न किसी विशिष्ट दिवस अथवा किसी गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक भेंट किया जाएगा।

### 3. आवृत्ति - द्विवार्षिक

: निवेदक :
रिटायर्ड जस्टिस जे.के. रांका, जयपुर
(संयोजक, आचार्य श्री नानेश समता पुरस्कार)

**प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम दिनांक 31 जुलाई 2025 है। प्रविष्टियाँ केंद्रीय कार्यालय के पते पर भिजवाएँ।**

**प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता :**

केंद्रीय कार्यालय : श्री अ.भा.सा. जैन संघ,
समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग,
नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर-334401 (राज.)
फोन : 0151-2270261, 2270359, मो.नं. : 9116109777
Email : ho@sadhumargi.com

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

राम चमकते भानु समाना

# आचार्य श्री नानेश जनसेवा पुरस्कार

आवृति द्विवार्षिक

समता विभूति, समीक्षण ध्यान योगी आचार्य श्री नानालाल जी म.सा. ने समाज व विश्व को समता दर्शन और व्यवहार की अनमोल विरासत प्रदान की। आचार्यश्री की पुण्यस्मृति में श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ द्वारा **'आचार्य श्री नानेश जनसेवा पुरस्कार'** हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जा रही हैं।

## 1. पात्रता :-

(1.1) यह पुरस्कार शिक्षा, समाज सेवा, अध्यात्म, स्वास्थ्य, आर्थिक उत्थान, कृषि, पशुपालन, वन संरक्षण, पर्यावरण, व्यसनमुक्ति, जल संरक्षण इत्यादि जन सेवाक्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को प्रदान किया जाता है।

(1.2) जनसेवा पुरस्कार हेतु किसी भी वर्ग, वर्ण या समाज का व्यक्ति अथवा संस्था, जो भारत में उपर्युक्त जन सेवा में कार्यरत हो, नामांकित किया जा सकता है।

## 2. आवेदन के नियम :-

(2.1) आवेदन-पत्र में नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल, कार्यक्षेत्र, सेवाक्षेत्र आदि का पूर्ण उल्लेख हो। जिस व्यक्ति अथवा संस्था को नामांकित किया जा रहा है, उसके द्वारा प्रदत्त सेवाओं का रिकॉर्ड अर्थात् समाचार-पत्र की कटिंग, फोटोग्राफ, प्रमाण-पत्र, सम्मान-पत्र, स्मृति-चिह्न के फोटोग्राफ आदि भी अवश्य भिजवाएँ।

(2.2) नामांकित व्यक्ति एवं संस्था की सेवा से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के लेटरहेड पर अनुशंसा-पत्र भी संलग्न किए जा सकते हैं। चूँकि यह पुरस्कार सेवा कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को दिया जा रहा है।

## 3. स्वरूप :-

(3.1) इस हेतु चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की ओर से दो लाख रुपए की राशि का चैक, अभिनंदन-पत्र एवं स्मृति-चिह्न किसी विशिष्ट दिवस अथवा गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक भेंट किया जाएगा।

प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम दिनांक **31 जुलाई 2025** है। प्रविष्टियाँ केंद्रीय कार्यालय के पते पर भिजवाएँ।

::::: निवेदक :::::
अजय पारख, रायपुर
(संयोजक, आचार्य श्री नानेश जनसेवा पुरस्कार)

**प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता :**

केंद्रीय कार्यालय : श्री अ.भा.सा. जैन संघ, समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर-334401 (राज.)

फोन : 0151-2270261, 2270359, मो.नं. : 9116109777 Email : ho@sadhumargi.com

राम चमकते भानु समाना

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

# सेठ श्री चम्पालाल सांड स्मृति उच्च प्रशासनिक सेवा पुरस्कार

## 1. पात्रता

(1.1) यह पुरस्कार Award of Excellence के स्वरूप में भारत सरकार की उच्च प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत, जो जैन धर्मावलंबी शीर्षस्थ पदाधिकारी के रूप में विशेष ख्याति अर्जित कर जैन समाज को गौरवान्वित करते हैं, वे इस पुरस्कार हेतु चयनित किए जाने के पात्र समझे जाते हैं।

## 2. पुरस्कार के नामांकन

(2.1) किसी भी उपयुक्त पदाधिकारी, जो जैन मतावलंबी हो, का उपर्युक्त पुरस्कार हेतु नामांकन प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2.2) जिस व्यक्ति को नामांकित किया जा रहा है, कृपया उसका पूरा नाम, पता, प्रशासनिक पद, संपर्क विवरण, सेवाक्षेत्र, निष्पादन रिकॉर्ड आदि का विस्तृत उल्लेख नामांकित अथवा संस्तुति में समाविष्ट करें।

## 3. पुरस्कार का स्वरूप

(3.1) चयनित पुरस्कार विजेता को श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ की ओर से एक लाख रुपए का चैक, अभिनंदन-पत्र एवं स्मृति-चिह्न किसी विशिष्ट दिवस अथवा गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक भेंट किया जाएगा।

## 4. आवृत्ति : वार्षिक

निवेदक :
आई.ए.एस. उत्तमचंद नाहटा, दिल्ली
संयोजक
(सेठ श्री चम्पालाल सांड स्मृति
उच्च प्रशासनिक सेवा पुरस्कार समिति)

प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम दिनांक **31 जुलाई 2025** है। प्रविष्टियाँ केंद्रीय कार्यालय के पते पर भिजवाएँ।

### प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता :

केंद्रीय कार्यालय : श्री अ.भा.सा. जैन संघ, समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग,
नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर-334401 (राज.)
फोन : 0151-2270261, 2270359, मो.नं. : 9116109777 Email : ho@sadhumargi.com

राम चमकते भानु समाना

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ

# स्व. श्री प्रदीप कुमार रामपुरिया स्मृति साहित्य पुरस्कार

## 1. पात्रता

(1.1) यह पुरस्कार जैन धर्म, दर्शन, इतिहास, कला व संस्कृति तथा जैन साहित्य, काव्य कला व संस्कृति और कथा, निबंध, नाटक, संस्मरण व जीवनी आदि के संबंध में लिखित मौलिक ग्रंथ पर दिया जाता है।

## 2. पुरस्कार के नियम

(2.1) पुरस्कार हेतु प्रकाशित/अप्रकाशित (पांडुलिपि) अथवा दोनों प्रकार की कृतियाँ निर्धारित आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत की जा सकती हैं।

(2.2) अन्य संस्थाओं द्वारा पूर्व में पुरस्कृत कृति पर यह पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।

(2.3) प्रकाशित कृति का प्रकाशन पुरस्कार हेतु घोषित अवधि में (वर्ष 2016 से पूर्व नहीं) एवं घोषित विषय परिधि में ही होना चाहिए अर्थात् पुरस्कार हेतु प्रस्तुत कृति का प्रकाशन वर्ष 2016 के पश्चात् का होना चाहिए।

(2.4) पुरस्कार मूल्यांकन के लिए कृति की मुद्रित अथवा पांडुलिपि की चार प्रतियाँ निःशुल्क भेजनी होगी। पांडुलिपि की 3 प्रतियाँ आवेदक को पुनः लौटा दी जाएगी। मुद्रित कृतियाँ नहीं लौटाई जाएगी।

(2.5) अप्रकाशित कृति (पांडुलिपि) की प्रतियाँ स्पष्ट टंकित की हुई अथवा हस्तलिखित, सुवाच्य एवं जिल्द बँधी होनी चाहिए।

(2.6) प्रतिभागी विद्वानों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे कृति के संबंध में स्वयं की कृति होने एवं इसके मौलिक होने का प्रमाण-पत्र साथ भेजें।

## 3. स्वरूप

(3.1) पुरस्कार के अंतर्गत संघ की ओर से 51 हजार रुपए की राशि का चैक, अभिनंदन-पत्र एवं स्मृति-चिह्न किसी विशिष्ट दिवस अथवा गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक भेंट किया जाएगा।

निवेदक : रिटायर्ड आई.ए.एस. प्रदीप बुरड़, जयपुर
संयोजक, स्व. श्री प्रदीप कुमार रामपुरिया स्मृति साहित्य पुरस्कार समिति

आवृत्ति : वार्षिक

**प्रविष्टियाँ भिजवाने का पता :**

केंद्रीय कार्यालय : श्री अ.भा.सा. जैन संघ, समता भवन, आचार्य श्री नानेश मार्ग, नोखा रोड, गंगाशहर, बीकानेर-334401 (राज.)
फोन : 0151-2270261, 2270359, मो.नं. : 9116109777
Email : ho@sadhumargi.com

प्रविष्टियाँ भिजवाने की अंतिम दिनांक **31 जुलाई 2025** है। प्रविष्टियाँ केंद्रीय कार्यालय के पते पर भिजवाएँ।

।।जय गुरु नाना।। ।।जय महावीर।। ।।जय गुरु राम।।

©

राम चमकते भानु समाना

# साधुमार्गी पब्लिकेशन
# नवीन आगम तत्त्व सदस्यता

- वर्तमान में साधुमार्गी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित प्रवचन एवं चिंतन की पुस्तकें ही साहित्य सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करने पर भेजी जाती है।
- इसके अतिरिक्त आगम एवं तत्त्व प्रकाशन समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के लिए ज्ञान-जिज्ञासु श्रावक-श्राविकाओं की ओर से माँग आती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए *'आगम तत्त्व सदस्यता'* के नाम से नवीन सदस्यता प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखते हैं। इसका प्रारूप निम्न प्रकार है –

## सदस्यता स्वरूप और सदस्यता शुल्क (15 वर्षों के लिए)

1. वर्तमान सदस्यता केवल साहित्य (प्रवचन व चिंतन पुस्तकों) हेतु — ₹3000
2. नवीन ''आगम तत्त्व सदस्यता'' केवल आगम प्रकाशन हेतु — ₹5000
3. नवीन सदस्यता दोनों की अर्थात् 'साहित्य सदस्यता' व 'आगम तत्त्व सदस्यता' ग्रहण करने पर — ₹7000

- नई सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को वेलकम किट के रूप में संयोजक द्वारा सुनिश्चित पुस्तकें प्रदान की जाएँगी।
- सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रकाशित होने वाली पुस्तकें दिए गए पते पर भेजी जाएँगी।

अधिक जानकारी एवं सदस्यता लेने के लिए संपर्क करें – 7231855008

## :: अनुक्रमणिका ::

श्रावक और विवेक....14
ज्ञान सार : श्रीमद् भगवतीसूत्र.... 20
श्रमणोपासक हेडलाइंस.... 22
गुरुचरण विहार समाचार.... 23
विविध समाचार.... 38
विविध भेंट मार्फत.... 42
विनम्र श्रद्धांजलि.... 55
श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ.... 58

सुविचार

## काम-भोग (2)

हिरण करण वश, परवाना नैन वश।
अलिंद नासिका वश, झख तो रसन में।।
पुष्करी परस वश, पाँच-पाँच के अवश।
पाँच के जो एक वश, नैया तो फँसन में।।
इंद्रियाँ अधीन हुआ, जीव लक्ष्यहीन हुआ।
खोया वो अलभ्य तन, गमनागमन में।।
वीर कहे गौतम से, देवाणुप्पिया तू जाग।
काम-भोग झट तज, चित्त दे भजन में।।

*साभार – वीर कहे गौतम से*

# परम-पवित्र करता धर्म

चिंतन

**-परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा.**

धर्म के विषय में कहा गया है कि वह उत्कृष्ट है। उत्कृष्ट यानी श्रेष्ठ-उत्तम है। उत्कृष्टता के स्वरूप को समझ लेना जरूरी है। जनसाधारण में जैसे वी.आई.पी. कोई-कोई होता है। जो जनसामान्य से विरला होता है, उसे वी.आई.पी. कहते हैं। इसी प्रकार जो जनसामान्य से भिन्न ही वह उत्कृष्ट होता है। शरीर या धनादि की ऊँचाई को भी उत्कृष्ट कहा जाता है, किंतु यहाँ विषय धर्म का है। धर्म ऊँचाई या धनादि से प्रतिबंधित नहीं है। शरीर से ऊँचाई वाले भी अधर्म में रमते रहते हैं, जबकि शरीर से कम ऊँचाई वाले भी धर्म का स्पर्श कर लेते हैं। शरीर ऊँचा है या नीचा, खानदान ऊँचा है या इतर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। धर्म का संबंध है मन की पवित्रता से, मन की उज्ज्वलता से। मन जिसका जितना सत्य-ईमान से दिप्त होगा, वह उतना ही सरस और सरल होगा। मन जटिल बनता है छल, कपट, प्रपंच आदि से, जो अधर्म हैं। अधर्म से मन अपवित्र बन जाता है। धर्म से मन सदा पवित्र बना रहता है। रथनेमि का मन फिसल गया था, लेकिन राजीमती की फटकार लगने पर भी उसके मन में प्रतिद्वेष नहीं जगा। उन्होंने उसे सहज रूप से स्वीकार किया। यह पवित्र मन का ही प्रतीक है। महासती मृगावती को महासती श्री चंदनबाला ने उपालंभ दिया, उससे उनके मन में प्रतिरोध नहीं जगा, अपितु उन्होंने उस अनुशासन को भी सश्रद्धा स्वीकार किया। पवित्र मन की एक पहचान यह भी है कि वह किसी भी बात-शिक्षा को उलटा नहीं लेता। वह उससे स्वयं को अनुशासित ही करने का प्रयत्न करता है। ऐसी पवित्रता बिना धर्म के आना कठिन है। धर्म को उत्कृष्ट कहने का तात्पर्य यह भी है कि उसकी आराधना हो जाने से संसार का परिभ्रमण समाप्त हो जाता है। धर्म संवर रूप होता है। व्यक्ति स्वयं को सर्व रूप से संवृत कर ले तो वही उसकी उत्कृष्टता है। ऐसे उत्कृष्ट धर्म से आत्मा परम पवित्र बन जाती है।

**चैत्र कृष्ण 2, शुक्रवार, 25.03.2016**

**साभार- आरोह**

धर्मदेशना

# श्रावक और विवेक

- परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री जवाहरलाल जी म.सा.

शास्त्र, नीति और संसार-व्यवहार आदि सबमें विवेक को बड़ा माना है। विवेक के बिना कोई काम अच्छा नहीं होता। ऐसी दशा में धर्म में विवेक न रखने पर धर्म की बात कैसे ठीक हो सकती है? अविवेक के कारण धर्म की बात भी अधर्म का रूप ले लेती है और विवेक से अधर्म की बात या अधर्म समझा जाने वाला काम भी धर्म रूप में परिणत हो सकता है। सुबुद्धि प्रधान ने विवेक से गंदे पानी को अच्छा बना लिया और राजा को प्रतिबोध देकर धर्मात्मा बना दिया। इसी तरह अविवेक से अच्छी वस्तु बुरी बना दी जाती है। जैसे प्रत्येक सांसारिक काम में विवेक की आवश्यकता है, ऐसे ही धर्म में विवेक प्रधान है।

अल्पपाप और महापाप के विषय में कई लोग मुझसे कहते हैं तथा पत्रों में भी इसकी चर्चा चलती है। इससे कई गृहस्थों ने मुझसे कहा कि आपकी मान्यता क्या है? इसलिए आज मैं अपनी मान्यता प्रकट करता हूँ।

कई लोग प्रश्न करते हैं कि हलवाई के यहाँ से सीधी चीजें लाकर खाने में कम पाप है या घर में बनाकर खाने में कम पाप है? इसी तरह कपड़े और मकान के लिए प्रश्न करते हैं और कई तो यहाँ तक प्रश्न करने लगते हैं कि हाथ से चमड़ा चीरकर जूता बनाना-पहनना ठीक है या सीधा खरीदकर पहनना ठीक है? जूते का प्रश्न तो शायद इसलिए किया जाता होगा कि जिससे इस तरह की बात सुनकर लोगों के विचार मेरे विरुद्ध हो जाएँ।

कई लोग तो मेरे विवेक विषयक कथन को यह रूप देते हैं कि महाराज तो हाथ से रोटी बनाकर खाने का कहते हैं। ऐसा असत् रूप बनाकर सावद्य उपदेश देने वाले बताते हैं। लोग पाप से बचना चाहते हैं और अपने समाज के लोग सावद्य उपदेश देने वाले को साधु नहीं मानते। अतः मेरे विषय में यह कहा जाता है कि महाराज तो सावद्य उपदेश देते हैं। इस तरह के कथन का उद्देश्य तो यही हो सकता है कि लोगों का चित्त मेरी ओर से हट जाए। लेकिन पूर्वजों का न मालूम क्या पुण्य है कि उन लोगों का इस तरह का आक्षेप करने पर लोगों का चित्त मेरी ओर से नहीं हटता है। फिर मैं आप से यही कहता हूँ कि किसी विषय में शंका अपने चित्त में रहने देना ठीक नहीं है। शास्त्र में शंका, कांक्षा, विचिकित्सा आदि समकित के पाँच अतिचार कहे हैं। अतिचार तो और व्रतों के भी हैं, किंतु व्रतों के अतिचार से समकित के अतिचार बड़े हैं। इसी से वहाँ '**पेयाला**' शब्द शास्त्रकार ने जोड़ा है।

किसी बात की शंका होने पर भी संकोच के कारण या किसी अन्य कारण से उस शंका को न मिटाने से शंका बनी ही रहती है और हृदय में शंका रहने पर गीता में कहा है— '**संशयात्मा विनश्यति**'। इस तरह शंका रह जाने से हानि होती है।

संशय से होने की बात मैं नहीं कहता हूँ, किंतु सभी कहते हैं। श्रद्धा को सबने महत्व दिया है और कहा है कि '**श्रद्धामयोऽयं पुरुषः**' अर्थात् पुरुष श्रद्धामय है। जैसी श्रद्धा होती है वैसा ही वह बन जाता है। इस तरह श्रद्धा को सबने महत्व दिया है। शंका से श्रद्धा में दोष आता है और जब श्रद्धा में दोष आ जाएगा तब बचेगा ही क्या? इसलिए शंका को मिटाने में संकोच करने की जरूरत नहीं है, शंका को मिटाना चाहिए।

अब जो अल्पारंभ-महारंभ का प्रश्न है, वह उन्हीं के

लिए हो सकता है, जो सम्यग्दृष्टि और व्रती हैं। मिथ्यात्वी के लिए नहीं हो सकता, क्योंकि जहाँ बड़ा कर्ज लदा हुआ है, वहाँ छोटे लेन-देन की गिनती ही क्या! जैसे 1-2-3-4-5 में से बड़ी संख्या दस हजार की है। जिस पर दस हजार रूप मिथ्यात्व का कर्ज लदा हुआ है वहाँ पाँच या पैंतालीस के लेन-देन की बात ही क्या की जा सकती है?

जहाँ मिथ्यात्व का पाप सिर पर घूम रहा है, वहाँ दूसरी बात करने की जरूरत नहीं रहती। परंतु जो सम्यग्दृष्टि हैं उनको तो इस बात का विचार रखना चाहिए कि अल्पपाप और महापाप कैसे और कहाँ होता है? मैं निश्चय से तो नहीं कह सकता कि यह काम अल्पपाप का है और यह महापाप का है, परंतु मैं अल्पपाप और महापाप के साथ विवेक को जोड़ता हूँ और यह कहता हूँ कि जहाँ विवेक है वहाँ तो अल्पपाप है और जहाँ विवेक नहीं है वहाँ महापाप है। मैंने एकांत पक्ष से कभी ऐसा नहीं कहा है, किंतु यही कहा है कि अल्पपाप और महापाप विवेक-अविवेक पर अवलंबित हैं।

जो काम महारंभ से होता है वही काम विवेक से होने पर अल्पारंभ से भी हो सकता है और जो काम अल्पारंभ से हो सकता है वही अविवेक के कारण महारंभ का बन जाता है। इस पर मैं अपने ही अनुभव का उदाहरण देता हूँ। जब मेरी आयु करीब दस-बारह वर्ष रही होगी, उस समय की बात है। जिस ग्राम में मैं पैदा हुआ था, वह मक्की प्रधान देश है। वहाँ मक्की पक जाए तब तो आनंद मानते हैं और मक्की न पकने पर वर्ष खराब समझते हैं। उस ग्राम के बड़े-बड़े लोगों ने मिलकर गोठ करने का निश्चय किया। जिस देश में जो चीज पैदा होती है वहाँ उसी चीज के खाने का रिवाज होता है, अतः उन लोगों ने मक्की के भुजिए आदि बनाने का विचार किया।

मक्की के भुजिए बनाने के साथ ही भांग के भुजिए भी बनाने का विचार हुआ। मेरे मामाजी ने मुझसे कहा कि बाड़े में भांग के पौधे खड़े हैं, उनमें से भांग की पत्तियाँ तोड़ लाओ। उस समय भांग के विषय में आज की तरह का कायदा न था, इसलिए जगह-जगह उसके पौधे होते थे। मेरे संसार के मामाजी वहाँ प्रतिष्ठित माने जाते थे। राज्य में भी उनका सम्मान था। धर्म का भी विचार रखते थे। संभवतः चौविहार करते थे और प्रतिक्रमण नित्य किया करते थे।

उनके कहने पर मैं दौड़कर गया और खोला (गोद) भरकर, जो करीब सेर-भर होगी, भांग तोड़ लाया। मैं कह चुका हूँ कि वे धर्म का विचार रखते थे, इसलिए अधिक पाप के भय से डरना स्वाभाविक था। वे मुझसे कहने लगे कि इतनी भांग क्यों तोड़ लाया। थोड़ी-सी भांग की जरूरत थी। इस तरह थोड़ी-सी भांग की जगह बहुत सारी भांग लाने के कारण उलाहना देने लगे। लेकिन वास्तव में मेरा कसूर था या उनका भी? वह अधिक पाप मेरे को हुआ या उनको? मैं बच्चा था, इससे मुझमें विवेक नहीं था और न उन्होंने कहा था कि कितनी लाना? इस तरह न उन्होंने विवेक दिया न बच्चा होने के कारण मुझमें विवेक था। इस तरह अधिक पाप का कारण अविवेक रहा। यदि विवेक होता तो वह अधिक पाप क्यों होता?

इसलिए पत्ते तोड़ने का कार्य करने की बजाय कराने में अधिक पाप हुआ क्योंकि अपने हाथ से लाते तो जितनी आवश्यकता थी उतनी ही लाते, अधिक नहीं।

विवेक न होने के कारण अल्पपाप होने की जगह महापाप होने के और भी बहुत-से उदाहरण दिए जा सकते हैं। सेठ वरदभाण जी कहते थे कि मैं जंगल गया। वहाँ नौकर से पानी भर लाने के लिए कहा। वह वनस्पति, लीलोतरी, फूलण आदि कुचलता हुआ दौड़कर गया और लोटा माँजकर उसी में धोकर जैसे-तैसे छाना-अनछाना पानी भर लाया। अब यह अधिक पाप किसको हुआ? इसका कारण क्या है? क्या यह पाप करने वाले को हुआ? करवाने वाले को नहीं? यदि सेठ स्वयं पानी भरने जाते और विवेक से काम लेते तो कितना पाप टाल सकते थे, लेकिन उन्होंने नौकर को भेजा और उसने विवेक नहीं रखा। वह सेठ द्वारा भेजने पर ही गया था, इसलिए क्या सेठ को उसका पाप नहीं लगा? मतलब यह है कि इस तरह करने की अपेक्षा दूसरे से कराने में ज्यादा पाप हो गया या नहीं? फिर भी किसी के मन में कोई संदेह की बात हो तो वह मुझको शांति से पूछ सकता है। मुझसे पूछने के विषय में किसी तरह की कोई रुकावट नहीं है।

इस धर्म के प्रवर्तक क्षत्रिय थे और यह धर्म प्रायः क्षत्रियों के पालने योग्य है। इस धर्म को राज्य करने वाले भी पाल सकते हैं। उदायन राजा सोलह देशों पर राज्य करते थे, फिर भी अल्पारंभी थे या महारंभी? इतना राज्य करते हुए भी

वे अल्पारंभी रहे, इसका क्या कारण है? इसका कारण यही है कि वे श्रावक होने के कारण विवेक से काम लेते थे। इसी से भगवान ने विवेक में धर्म बताया है। यदि विवेक में धर्म न होता तो यह धर्म क्षत्रियों के पालने योग्य कदापि न रहता, किंतु बनियों का ही रहता। लेकिन आज इस धर्म का ऐसा रूप बना दिया गया है कि जिससे यह धर्म केवल बनियों के काम का मालूम होता है। विवेक रखते हुए राज्य करने पर भी राजा इस धर्म का भली-भाँति पालन कर सकता है और महारंभी भी नहीं कहला सकता। इस तरह कभी करने में ज्यादा पाप हो जाता है, कभी कराने में ज्यादा पाप हो जाता है और कभी अनुमोदन में ज्यादा पाप हो जाता है। लेकिन विवेक न रखने से कभी-कभी करने और कराने में उतना पाप नहीं होता, जितना अनुमोदन से हो जाता है।

मान लीजिए एक राजा जैन है। उसके सामने एक ऐसा अपराधी आया कि जिसको फाँसी की सजा हो सकती थी। वह राजा सोचने लगा कि मैं तो चाहता हूँ कि यह बच जाए तो अच्छा, किंतु इसके अपराध की भयंकरता को देखते हुए यदि इसको फाँसी की सजा न दूँगा तो न्याय का उल्लंघन होगा। इस तरह उसने न्याय की रक्षा के खातिर बड़े संकोच के साथ उसको फाँसी की सजा दी। उसने फाँसी लगाने वाले को हुक्म दिया कि इसको फाँसी लगा दो। फाँसी लगाने वाला उस अपराधी को फाँसी लगाने ले चला, वह भी अपने मन में सोचता था कि यह फाँसी लगाने का काम बुरा है। मैं नहीं चाहता कि किसी को फाँसी लगाऊँ, लेकिन राजा की नौकरी में नाम लिखाया है, इसलिए अब काम करने के समय इनकार करना ठीक नहीं। राजा भी न्याय से बँधा हुआ है। इसी से उसने यह हुक्म दिया है। वह भी ऐसे हुक्म न देना चाहता होगा। इसी तरह मैं भी बँधा हुआ हूँ, इसी से यह फाँसी लगाने का काम करता हूँ।

इस तरह विचारता हुआ वह अपराधी को फाँसी लगाने के लिए ले गया और फाँसी दी। वहाँ एक तीसरा आदमी खड़ा था। राजा ने पश्चात्ताप करते हुए फाँसी का हुक्म दिया था और लगाने वाले ने मजबूरन फाँसी लगाई थी, लेकिन उस तीसरे आदमी का कोई हुक्म नहीं चलता, फिर भी खड़ा अतिउमंगवश हुक्म देता है कि क्या देखता है? इसको फाँसी लगा दे! इसको तो फाँसी देना ही ठीक है। लटका दे, देर मत कर।

अब इन तीनों में ज्यादा पाप किसको हुआ? राजा और फाँसी लगाने वाला फाँसी देकर भी फाँसी के काम की सराहना नहीं करते हैं, लेकिन वह आदमी मुफ्त में ही फाँसी लगाने के काम की सराहना करके अनावश्यक आज्ञा देकर महापाप कर रहा है।

फाँसी लगाने की जगह पर और लोग भी देख रहे थे। उनमें से जो विवेकी थे, वे तो सोचते थे कि यह बेचारा पाप के कारण फाँसी पर चढ़ रहा है। यदि इसने यह भयंकर पाप न किया होता तो इसको फाँसी क्यों लगती? अपने को ऐसे पाप से बचना चाहिए। लेकिन जो अविवेकी थे, वे कहते थे कि अच्छा हुआ जो इसको फाँसी लगी। यह बड़ा ही दुष्ट था, पर चतुर नहीं था। हम कैसे चतुर हैं कि अपराध भी कर लेते हैं और राजा को खबर भी नहीं होने देते। हमारा कार्य किसी तरह से प्रकट नहीं होने देते। हम वकील तो क्या, बड़े-बड़े बैरिस्टरों और राजा को घोलकर पी जाते हैं। सबको छका देते हैं। लोग धर्म की बात कहते हैं, लेकिन हम ऐसे हैं कि धर्म को न मानने पर भी आराम में हैं।

इन दोनों तरह के विचार वाले दर्शकों में से महापापी कौन और अल्पपापी कौन हुआ? इन दोनों तरह के विचार वाले दर्शकों में से अविवेकी दर्शकों ने महापाप बाँधा या नहीं? मैं यह नहीं कहता कि कराने से महापाप होता है और करने से नहीं या करने से महापाप होता है, कराने से नहीं। मैं तो यह कहता हूँ कि जहाँ अविवेक है वहाँ महापाप है और जहाँ विवेक है वहाँ अल्पपाप है। यह बात मैं और उदाहरण देकर भी बताता हूँ।

एक डाक्टर चीर-फाड़ का काम जानता है, लेकिन वह कहता है कि मुझे घृणा आती है, इस कारण मैं तो ऑपरेशन नहीं करता और ऐसा कहकर वह कंपाउंडर से ऑपरेशन करने के लिए कहता है। कंपाउंडर अनाड़ी है, होशियार नहीं है। ऐसी हालत में वह डाक्टर स्वयं अपने हाथ से ऑपरेशन न करके कंपाउंडर से कराए तो उस डॉक्टर को कराने में महापाप लगेगा। एक दूसरा डॉक्टर, जो स्वयं ऑपरेशन करना नहीं जानता या कम जानता है, वह जानने वालों से कहे कि तुम

ऑपरेशन कर दो तो उसको कराने में अल्पपाप लगेगा। ऑपरेशन तो उसने भी कराया और उसने भी। दोनों ने स्वयं तो नहीं किया, परंतु पहले डॉक्टर को तो महापाप लगेगा और दूसरे को अल्पपाप लगेगा। इसी तरह कोई तीसरा आदमी स्वयं ऑपरेशन करना जानता नहीं है, लेकिन जो जानता है उसे रोककर स्वयं ऑपरेशन करे तो उसको महापाप होगा। ऐसे आदमी का किया हुआ ऑपरेशन कदाचित् सुधर भी जाए तब भी सरकार उसको अपराधी मानेगी कि उसने न जानते हुए ऑपरेशन किया। उस पहले डॉक्टर के कराने पर महापाप लगा, दूसरे के कराने पर अल्पपाप लगा और तीसरे को स्वयं करने पर महापाप लगा। इसका कारण यही है कि इन तीनों में विवेक का अंतर है। इस तरह सरकार भी उस डाक्टर को अपराधी मानती है जिसने न जानते हुए ऑपरेशन किया है, यद्यपि उसका ऑपरेशन सुधर गया है, फिर भी उसमें विवेक नहीं है। इस तरह धर्म में भी विवेक को देखने की परमावश्यकता है और देखिए -

एक बाई विवेकरहित है और एक विवेकवती है। विवेक वाली बाई विचार करे कि रोटी बनाने में पाप लगता है, परंतु रोटी खाने और कुटुंबियों को खिलाने की जवाबदारी से मुक्त नहीं है। वह उस विवेकरहित बाई को रोटी बनाने के काम में लगाती है। वह अविवेकवती होने के कारण आग तत्व और उसकी शक्ति को नहीं जानती थी। इस कारण असावधानी से उसके कपड़े में आग लग गई, वह मर गई। उसके मरने से वह विवेक वाली बाई प्रसन्न होगी या अप्रसन्न? वह सोचेगी कि मैंने इसको कहाँ रोटी बनाने को बैठा दी? यदि मैं ही विवेक से करती तो यह अनर्थ नहीं होता। अब कहिए उसको कराने में अधिक पाप हुआ या वह स्वयं विवेकपूर्वक करती तो ज्यादा होता? इसी तरह एक बहन स्वयं तो विवेक रखती नहीं, परंतु उस विवेक वाली को न करने दे और आप खुद करने बैठे तो करने में अधिक पाप हुआ या नहीं?

इस तरह जहाँ विवेक है वहाँ तो करने में अल्पपाप है और कराने में भी अल्पपाप है, पर जहाँ विवेक नहीं है वहाँ करने में महापाप है और कराने में भी महापाप होता है। इस प्रकार विवेक होने से महापाप के काम अल्पपाप से हो सकते हैं और विवेक न होने से अल्पपाप के काम भी महापाप के बन जाते हैं। यह तो विवेक की बात हुई।

अब करने, कराने और अनुमोदन में से किसमें पाप अधिक हो सकता है, यह देखिए। आप स्वयं हाथ से आरंभ करने लगें तो कितना भी करें, वह होगा मर्यादित ही। लेकिन कराने में तो लाखों-करोड़ों से भी करने के लिए कहा जा सकता है। करने में तो दो हाथ रहते हैं, लेकिन कराने में तो लाखों-करोड़ों हाथ लग सकते हैं। करने का तो समय मर्यादित होगा, परंतु कराने में समय का विचार नहीं रह सकता। करने का तो क्षेत्र मर्यादित रहेगा, परंतु कराने का क्षेत्र बहुत होता है। इस तरह करने का तो द्रव्य भी मर्यादित रहता है, क्षेत्र मर्यादित रहता है और काल भी मर्यादित रहता है, परंतु कराने का तो द्रव्य बहुत है, क्षेत्र बहुत है और काल भी बहुत है। इस कारण स्वयं करने की अपेक्षा कराने में पाप ज्यादा खुला हुआ है। अब अनुमोदन को लीजिए- काम कराने में भी कोई व्यक्ति चाहिए, परंतु अनुमोदन तो यहाँ बैठे हुए सारे जगत् के पापों का कर सकते हो। मैंने बड़ों के मुँह से इस विषय में एक उदाहरण सुना है। वे कहा करते थे कि एक आदमी ने महल बनवाया तो भी वह आरंभ की सहराना नहीं करता, किंतु डरता है। लेकिन उस महल को देखने वाला कहता कि यह महल कैसा अच्छा झुकाया है। नाम अमर कर दिया है। अतः महल बनाने वाला तो अल्पपापी ही रहा, किंतु उसका अनुमोदन करने वाले महापापी हुए।

विलायती कपड़ा यहाँ नहीं बनता, लेकिन यहाँ बैठे हुए ही वहाँ के काम की अनुमोदना कर सकते हों। आजकल तो समाचार-पत्रों में विज्ञापन भी बहुत निकला करते हैं। उनको देखकर यह कह सकते हो कि यह हमको नहीं मिला, परंतु बड़ा अच्छा है। इस तरह यहाँ बैठे हुए विलायत में होने वाले काम का अनुमोदन कर सकते हो। इस तरह अनुमोदन का द्रव्य, क्षेत्र, काल करने और कराने से बढ़कर होता है। अनुमोदन का पाप ऐसा होता है कि बिना कुछ किए महारंभ का पाप हो जाता है। जैसे श्री भगवती सूत्र के चौबीसवें शतक में कहा है कि अंगुल के असंख्यातवें भाग की अवगाहना वाला तंदुलमत्स, जो मगरमच्छ की आँख के भौंहे पर उत्पन्न होता है, मरकर सातवीं नरक गया। उसने ऐसा क्या किया था? इसके लिए कहा जाता है कि बड़े मगरमच्छ का मुँह खुला हुआ

था। उसके मुँह में अन्य मछलियाँ श्वासोच्छ्वास की क्रिया से जाती थी और वापस निकल जाती थी। वह तंदुलमत्स यह देखकर सोचता था कि यह मगर कैसा मूर्ख है, जो अपने मुँह में आई हुईं मछलियों को वापस निकलने देता है! यदि इसकी जगह मैं होता तो एक भी मछली को बाहर न निकलने देता, सबको खा जाता। जबकि वह ऐसा कर नहीं सकता है, फिर भी मरकर सातवीं नरक में गया। इस तरह करने और कराने की अपेक्षा अनुमोदन का क्षेत्र बड़ा है।

पूज्यश्री उदयसागर जी महाराज से सुना हुआ यह स्तवन मुझे याद है -

**जीवड़ा मत मेले रे यो मन मोकलो,**
**मन मोकलड़े रे हाण।**
**जिन हीज नयणे रे निरखे सुंदरी,**
**तिन हींज बेनड़ जाण।**
**पुन्यतणे परिणामे विचारतो मोटी निपजे रे हाम।।**

यह पुराना भजन है। इसमें बताया है कि रक्षाबंधन आदि त्योहार पर बहन पहन-ओढ़कर अपने पितृगृह जाती है। वह जवान है, सुंदरी है, शृंगारयुक्त है। भाई उसको जिन आँखों से देखता है, उन्हीं आंखों से अपनी स्त्री को देखता है, किंतु इन दोनों के देखने में अंतर है या नहीं? यदि अंतर है तो आँखों में है या मन में? आँखें तो किसी को बहन या स्त्री बनाती नहीं, मन ही बनाता है। वही स्त्रियाँ जब किसी महात्मा के सामने जाती हैं तब वे उनको बहन मानते हैं।

इस तरह यह मन पाप भी पैदा करता है और पुण्य भी। इसीलिए कहा जाता है कि इसे संकोचकर रखो! पाप और पुण्य का कारण मन है। कहा भी है — **'मन एवं मनुष्याणां, कारणं बन्ध मोक्षयोः'** अर्थात् मन ही मनुष्यों के बंध और मोक्ष का कारण है। इस तरह काया से न करने पर भी जीव मन के द्वारा कर्मबंध कर लेता है।

कोई कह सकता है कि जैन धर्म में तो मन, वचन, काया, इन तीनों को कर्मबंध का कारण कहा है। फिर मन को पाप का कारण कैसे बता रहे हो? इसका उत्तर यह है कि वचन और काया के साथ मन रहता है। किंतु इस समय मैं मुख्यतया मन का वर्णन कर रहा हूँ, अतः मन के लिए कहता हूँ। आप देखते बहन को भी हैं और स्त्री को भी। फिर मन के भावों से पाप और पुण्य का बंध होता है। यह बात मनुष्य की हुई। तब पशु को भी देखिए। बिल्ली किसी जगह अपने बच्चों को तकलीफ में देखती है तब उनको वहाँ से हटाने के लिए पहले जाकर स्थान देख आती है। फिर उन बच्चों को मुँह में उठाकर ले जाती है। वे बच्चे उसके मुँह में दबे हुए अज्ञानता के कारण चूँ-चाँ करते हैं, फिर भी क्या आप उन बच्चों को छुड़ाने के लिए दौड़ते हैं? क्यों नहीं दौड़ते? आप जानते हैं कि ये इसके बच्चे हैं। इसके भाव मारने के नहीं हैं। समझ लो कि वह बिल्ली बच्चा रख आई और इतने में ही उसके सामने चूहा आया। उसने चूहे को पकड़ लिया। वह चूहा भी उसके बच्चों की तरह उसी के मुँह में दबा हुआ चूँ-चाँ करने लगा। तब क्या आप उसको छुड़ाने के लिए नहीं दौड़ते हैं? क्यों दौड़ते हैं? इस कारण कि बिल्ली के मन में बच्चों को मारने के भाव तो नहीं थे, लेकिन चूहे को मारने के भाव हैं। बिल्ली सारे संसार के चूहों को नहीं मार सकती, फिर भी वह संसार के सब चूहों की बैरन मानी जाती है, क्योंकि उसके भाव चूहों को मारने के हैं। वह भाव कहाँ है? मन में है ना! इस तरह मन पाप का कारण है। मन बड़ा शैतान है, इसके लिए शास्त्र का प्रमाण भी है।

श्री भगवती सूत्र में श्री गौतम स्वामी के प्रश्न के उत्तर में भगवान महावीर स्वामी फरमाते हैं कि जिस पुरुष ने किसी को मारने का संकल्प करके धनुष चढ़ाकर उसको कान तक खींचकर बाण छोड़ा। उस समय उस पुरुष को कायिकी आदि पाँचों क्रियाएँ लगती हैं, क्योंकि उसने संकल्प करके बाण चढ़ाया था व छोड़ा था, इसलिए उसको पाँचों क्रियाएँ लगती हैं। भगवान महावीर आगे फरमाते हैं कि बाण छोड़ने में धनुष, जीव, बाण आदि जिन पदार्थों का संयोग मिला है, यह धनुष आदि भूतकाल में जिन वनस्पति आदि जीवों के शरीर से बने हैं और वे वर्तमान जिस गति में हैं, उन जीवों को भी पाँचों क्रियाएँ लगती हैं और जहाँ संकल्प नहीं है वहाँ चार बताई हैं। वही बाण आकाश से नीचे गिरते हुए अन्य जीवों की हिंसा करे तो उस समय उस बाण व लकड़ी आदि के जीवों को तो पाँच क्रियाएँ बताई हैं और जिसने बाण छोड़ा था उसे तथा धनुष के जीवों को चार क्रियाएँ बताई हैं क्योंकि उसका संकल्प उन जीवों को मारने का नहीं था। अतः उसे

चार ही क्रियाएँ बताई गई हैं और बाण, भाले आदि के जीवों को पाँच क्रियाएँ बताई हैं। इसका कारण यह है कि निमित्त उनके शरीर का है, जिसके द्वारा हिंसा होती है। यह बात भगवती सूत्र के पाँचवें शतक के छठे उद्देशक में कही है। इससे यह सिद्ध हुआ कि जो पाप केवल हम करें वही लगे, जो न करें वह नहीं लगता, यह बात नहीं है।

कहने का सारांश यह है कि किसी समय करने में पाप ज्यादा होता है और कराने में कम होता है। कभी कराने में ज्यादा। यह बात विवेक-अविवेक पर निर्भर है। हाँ, यह अवश्य है कि करने की अपेक्षा कराने का द्रव्य, क्षेत्र, काल ज्यादा है और कराने की अपेक्षा अनुमोदना का ज्यादा है, उसी तरह पुण्य और धर्म के लिए भी है। फिर भी प्रत्येक काम में विवेक की आवश्यकता है। विवेक न होने पर अविवेक के कारण धर्म का पाप और अल्पारंभ का महारंभ भी होता जाता है।

कोई यह भी प्रश्न कर सकता है कि जब पाप का कारण अविवेक ही ठहरे तब यदि करने वाला और जिससे कराया जाए, वे दोनों ही विवेकी हों और उस दशा में स्वयं न करके उस दूसरे से, जो कि विवेकी है, कराया जाए तो क्या हर्ज है? उस दशा में तो कराने में ज्यादा पाप न होगा? फिर तो चाहे कराया जाए या किया जाए तो समान ही होगा। इसका उत्तर यह कि विवेक से कराने में ज्यादा पाप न लगेगा, लेकिन कराने में, करने की अपेक्षा द्रव्य, क्षेत्र, काल ज्यादा खुला हुआ है, उसका पाप तो ज्यादा लगेगा ही। इस विषय में विशेषतः विवेक और मन के भावों से अधिक जाना जा सकता है।

अब प्रश्न यह होता है कि हम सामायिक में बैठते हैं तब करने और कराने का ही पाप त्यागते हैं। जब अनुमोदन का पाप ज्यादा है, तब उसका त्याग क्यों नहीं करते? बड़े पाप का त्याग क्यों नहीं किया जाता? इसका उत्तर यह है कि अनुमोदन का पाप त्यागने की शक्ति न होने के कारण ही इसका त्याग नहीं कराया जाता। प्रत्येक काम अपनी शक्ति के अनुसार होता है।

भगवान ने अनुमोदन का त्याग करने की शक्ति नहीं देखी, इसलिए उसका त्याग नहीं बताया है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि करने और कराने के पाप से अनुमोदन का पाप छोटा है। आप गृहस्थ होने के कारण अनुमोदना के पाप से बच भी नहीं सकते। जैसे आप सामायिक में बैठे हैं। उस समय आप करने-कराने का त्याग तो करके बैठते हैं, लेकिन आपके घर पर व दुकान आदि का जो काम हो रहा है क्या उसका भी त्याग करते हैं? इस कारण अनुमोदना का त्याग कैसे कर सकते है?

इस प्रकार दुराग्रह का त्याग करके शास्त्र के विधान को दृष्टि में रखते हुए सत्य को समझने का प्रयत्न करना सम्यग्दृष्टि का कर्तव्य है।

**साभार- श्री जवाहर किरणावली-21 (गृहस्थ धर्म भाग-1)**

**"साधक की अंतर्यात्रा का आरंभ बाहर से भीतर में प्रवेश करने के रूप में होता है यानी वह अपने व्यावहारिक जीवन से आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करता है, देह से चेतना की तरफ उन्मुख होता है। किंतु यह क्रम पहले सामयिक ही रहता है क्योंकि साधना में निश्चित अवधि तक बैठने के बाद वह फिर से अपने व्यावहारिक जीवन में चला जाता है। किंतु उसका यह प्रत्यावर्तन भी उसे अपने लक्ष्य एवं आदर्श से विस्मृत नहीं बनाना चाहिए। आध्यात्मिक जीवन की ही यथोचित सम्यक् पूर्ति उसके व्यावहारिक जीवन में भी होनी चाहिए। फिर बार-बार जो एक जीवन से दूसरे जीवन में भावनात्मक प्रत्यावर्तन होता रहेगा, उसमें भावनात्मक परिवर्तन एवं उच्चतरता की अपेक्षा रहेगी। तब यह प्रत्यावर्तन एक-दूसरे का संपूरक बन जाएगा, बल्कि यों कहें कि दोनों जीवन आध्यात्मिकता से ओतप्रोत होने लगेंगे। व्यावहारिक जीवन में भी आदर्श एवं लक्ष्य के अनुकूल आचरण का विस्तार हो जाएगा।**

**- परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री नानालाल जी म.सा.**

ज्ञान सार

# श्रीमद् भगवतीसूत्र प्रश्नमाला

संकलनकर्ता -
कंचन कांकरिया, कोलकाता

29-30 मई 2025 अंक से आगे...

## क्रियाएँ कितनी लगती हैं शतक 8 उद्देशक 6

**पूर्वापर संबंध –** क्रिया के प्रसंग में पूर्वभवों से लगने वाली क्रिया का वर्णन किया जा रहा है।

**प्र.2656 मनुष्य के सिवाय नैरयिकादि 23 दंडक के जीवों को औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रियाएँ लगती हैं?**

**उत्तर** कदाचित् (कभी) तीन, कदाचित् चार, कदाचित् पाँच क्रियाएँ लगती हैं।

**प्र.2657 नैरयिकों को नरकावासों में रहे हुए पृथ्वीकायिक एवं वायुकायिक जीवों की अपेक्षा तो 3-4-5 क्रियाएँ संभव हैं, किंतु नैरयिक तिरछेलोक में आते नहीं हैं। फिर औदारिक के शेष दंडक के जीवों की अपेक्षा उन्हें 3-4-5 क्रियाएँ क्यों लगती हैं?**

**उत्तर**
1. नैरयिक को विरति के अभाव में 3 क्रियाएँ लगती हैं।
2. पूर्वभव के शरीर के प्रदूषित पुद्‌गलों से (प्लेगादि से) यदि जीव मरते हैं तो नैरयिक को औदारिक शरीर की अपेक्षा चौथी और पाँचवीं क्रिया भी लगती है।

इसी प्रकार शेष दंडकों की क्रिया का वर्णन करें।

**प्र.2658 पूर्वभव का शरीर नैरयिक का शरीर क्यों कहलाता है?**

**उत्तर** पूर्वभव के शरीर को वोसिरा (त्यागा) नहीं तो पूर्वभव प्रज्ञापना की अपेक्षा 'घृत घट' न्याय (घी के घड़े से घी निकाल लेने के बाद भी उसे घी का घड़ा कहते हैं) से पूर्वभव का शरीर नैरयिक का कहलाता है।

इसी प्रकार शेष दंडकों का भी कहना चाहिए।

**प्र.2659 वैक्रिय, आहारक और तैजस-कार्मण शरीर की अपेक्षा प्रत्येक जीव को कितनी क्रियाएँ लग सकती हैं?**

**उत्तर**
1. वैक्रिय, आहारक और तैजस-कार्मण शरीर की अपेक्षा जीवों को कदाचित् तीन, कदाचित् चार क्रियाएँ लगती हैं, कदाचित् अक्रिय होता है। मनुष्य कदाचित् अक्रिय होता है। शेष 23 दंडक के जीव अक्रिय नहीं होते हैं।
2. 24 ही दंडक के जीवों को इन चारों शरीरों से 5वीं प्राणातिपातिकी क्रिया नहीं लगती है, क्योंकि इन चारों शरीरों का छेदन-भेदन (विनाश) नहीं किया जा सकता है।

**प्र.2660 नैरयिक और देवताओं को वैक्रिय शरीर की अपेक्षा 3-4 क्रियाएँ कैसे लगती हैं?**

**उत्तर**
1. नैरयिक और देवताओं को परस्पर मारपीट, लड़ाई-झगड़ा आदि से 3-4 क्रियाएँ लगती हैं और
2. पूर्वभव के शरीर से यदि वैक्रिय शरीर बनाए हुए मनुष्य, तिर्यंच परितापित होते हैं तो भी 3-4 क्रियाएँ लगती हैं।

**प्र.2661 नैरयिक और देवता को आहारक शरीर की अपेक्षा 3-4 क्रियाएँ क्यों लगती हैं?**

उत्तर
1. नैरयिक और देवता को आहारक मुनिराज के प्रति जो ईर्ष्या, द्वेष था, उन परिणामों का त्याग नहीं करने से तीन क्रियाएँ लगती हैं एवं
2. पूर्वभव के शरीर का त्याग नहीं करने के कारण पूर्वभव के शरीर के अशुभ पुद्गलों से आहारक मुनि को पीड़ा हो सकती है। इस कारण से नैरयिक और देवता को आहारक शरीर की अपेक्षा चौथी क्रिया भी लगती है।

**प्र.2662 तैजस-कार्मण शरीर की अपेक्षा 3 या 4 क्रियाएँ किस प्रकार लगती हैं?**

उत्तर यद्यपि तैजस-कार्मण स्वतंत्र शरीर नहीं है, तथापि औदारिक, वैक्रिय, आहारक शरीर को परिताप पहुँचाने पर तैजस-कार्मण शरीर भी परितप्त हो जाते हैं।

**प्र.2663 जिस समय आहारक शरीरी मुनिराज परितापित होते हैं, क्या उस समय उनके असाता वेदनीय का उदय होता है?**

उत्तर हाँ, अमनोज्ञ गंधादि के कारण उनके असाता वेदनीय का उदय होता है, किंतु शुभ मनोयोग के कारण वह उदय नहींवत् रहता है।

**प्र.2664 इन क्रियाओं से कैसे मुक्त हुआ जा सकता है?**

उत्तर
त्याग बिना कोई मोक्ष न जावे,
त्याग किंया पाप रुक जावे।
केवलज्ञान उपाना हो तो,
त्यागी बनो, प्यारे त्यागी बनो।

इस भजन के माध्यम से दिए गए उपदेश को जीवन में उतारने से इन क्रियाओं से मुक्त हुआ जा सकता है।

## अदत्त का थोकड़ा शतक 8 उद्देशक 7

**पूर्वापर संबंध–** आहारक शरीर श्रुत (ज्ञान) स्थविर ही बनाते हैं। अत: ज्ञानवान स्थविरों का 'चलमाणे चलिए' सिद्धांत पर अन्यतीर्थियों के साथ संवाद का वर्णन किया जा रहा है।

**प्र.2665 अन्यतीर्थियों से संवाद करने वाले स्थविर भगवंतों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर वे स्थविर भगवंत जाति-संपन्न, कुल-संपन्न इत्यादि श. 2 उ. 1 (खंदक जी) में वर्णित गुणों से युक्त यावत् जीने की आशा और मरण के भय से रहित थे। वे श्रमण भगवान महावीर से न अति दूर न अति निकट घुटनों को ऊँचा और मस्तक को थोड़ा नीचा झुकाकर ध्यान रूपी कोठे में प्रविष्ट होकर संयम तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरते थे।

**प्र.2666 अन्यतीर्थियों ने स्थविर भगवंतों से क्या कहा?**

उत्तर अन्यतीर्थियों ने स्थविर भगवंतों से कहा कि तुम तीन करण तीन योग से असंयत, अविरत, अप्रतिहत (बेरोकटोक) पाप कर्म करने वाले हो यावत् एकांत बाल हो क्योंकि तुम अदत्त (बिना दिया हुआ) को ग्रहण करते हो, अदत्त का भोजन करते हो, अदत्त की अनुमति देते हो।

**प्र.2667 स्थविर भगवंतों ने पूछा कि हम किस प्रकार अदत्त को ग्रहण करते हैं?**

उत्तर अन्यतीर्थियों ने कहा कि आपके मत में दिया जाता हुआ पदार्थ 'नहीं दिया हुआ', पात्र में डाली जाती हुई वस्तु 'नहीं डाली गई', ऐसा कथन है। पात्र में डालते वक्त उस वस्तु का कोई अपहरण कर ले तो आप कहते हो कि गृहपति के पदार्थ का अपहरण हुआ है। अत: आप अदत्त को ग्रहण करते हो।

साभार- श्रीमद् भगवतीसूत्र प्रश्नमाला

-क्रमशः

राम चमकते भानु समाना

# श्रमणोपासक हेडलाइंस

- बीकानेर सेठिया कोटड़ी में **04 जून** को परम श्रद्धेय आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर के पावन सान्निध्य में **पाँच दीक्षाएँ** संपन्न। **मुमुक्षु मेघा जी डोसी** की दीक्षा **चातुर्मास काल** के लिए एवं **मुमुक्षु धनश्री जी चोरड़िया** की दीक्षा **13 अक्टूबर** को **देशनोक** के लिए घोषित। नवदीक्षित साध्वीवर्याओं की बड़ी दीक्षा (छेदोपस्थापनीय चारित्र) भी संपन्न।
- मासखमण तप सहित अनेकानेक तपस्याओं की पावन भेंट बीकानेर संघ द्वारा गुरुचरणों में समर्पित।
- बीकानेर में संतवृद आदि ठाणा-47 एवं साध्वीवृंद आदि ठाणा-93 का पावन सान्निध्य प्राप्त कर हर कोई आह्लादित। प्रार्थना, प्रवचन, आगम वाचनी, धर्मचर्चा, जिज्ञासा-समाधान आदि का लाभ लेने की होड़ लगी।
- बीकानेर, जगदलपुर, ब्यावर एवं उदयपुर में अंचल स्तरीय '**परिवर्धनम्**' शिविरों के सफल आयोजन। सैकड़ों शिविरार्थियों ने अपना जीवन परिवर्तन की ओर किया गया अग्रसर।
- संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, शिखर सदस्यगण, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, 92 वर्षीय शांति देवी बेगानी सहित हजारों गुरुभक्तों ने गुरुदर्शन-सेवा का अपूर्व लाभ प्राप्त कर जीवन धन्य बनाया।
- मुमुक्षु भाई-बहनों के उत्कृष्ट त्याग का देशभर में अनेक स्थानों पर स्वागत-बहुमान। अपनी भावाभिव्यक्ति में वीतराग पथ के पथिकों ने गुरु आज्ञा में रहकर आरुग्गबोहिलाभं में अध्ययन को बताया सर्वोपरि।
- देशनोक में **20 से 27 जुलाई** को '**अनुत्तरम्**' शिविर एवं **13 से 27 जुलाई** को '**तत्वानंद**' शिविर का होगा आयोजन। 09 से 11 जून को 25 से 50 आयु वर्ग हेतु '**जागरण**' शिविर का सफलतम आयोजन।
- **शासन दीपिका साध्वी श्री प्रेमलता जी म.सा.** के महाप्रयाण से हर कोई स्तब्ध। अनेक संघों ने गुणानुवाद सभा का आयोजन कर दी भावांजलि। चार-चार लोगस्स का किया ध्यान।
- खिरकिया के समदड़िया परिवार द्वारा संघ पदाधिकारियों व गणमान्यजनों की उपस्थिति में धर्म साधना हेतु केंद्रीय संघ को भूमि का लोकार्पण। सर्वत्र भूरि-भूरि प्रशंसा।
- देशभर में उत्क्रांति नियमों की पालना के साथ अनेक कार्यक्रम संपन्न। '**अमृतम्**' आह्वान के अंतर्गत स्थानीय समता युवा संघों द्वारा अनेक स्थानों पर सेवा कार्यों के आयोजन। श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ द्वारा तरुण शक्ति के अंतर्गत 'Career Compass : A Career Counselling Session' विषय पर जूम ऑनलाइन सेशन के माध्यम से विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन।

# गुरुचरण विहार समाचार

''दीक्षा मात्र वेश परिवर्तन नहीं, जीवन परिवर्तन है''
- आचार्य भगवन्

''दुनिया को प्रभावित नहीं, आत्मा को भावित करें''
- उपाध्याय प्रवर

## युगनिर्माता आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. एवं उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. के पावन सान्निध्य में पाँच मुमुक्षु आत्माओं की जैन भागवती दीक्षा सोल्लास संपन्न

## नवीन नामकरण संत श्री राममूर्ति मुनि जी म.सा., संत श्री रामहंस मुनि जी म.सा., साध्वी श्री रामरुचि श्री जी म.सा., साध्वी श्री रामनिभा श्री जी म.सा., साध्वी श्री रामसुधा श्री जी म.सा. की घोषणा से सर्वत्र हर्ष की लहर

## मुमुक्षु मेघा जी डोसी की जैन भागवती दीक्षा देशनोक चातुर्मास में एवं मुमुक्षु धनश्री जी चोरड़िया की दीक्षा 13 अक्टूबर को देशनोक के लिए घोषित

## नवदीक्षित महासतीवर्याओं की बड़ी दीक्षा (छेदोपस्थापनीय चारित्र) संपन्न

**सेठिया कोटड़ी, बीकानेर (राज.)।**

*ज्ञान और क्रिया के संगम, जिनशासन का तेज सितारा।*
*कलयुग में भी राम चरणों में, सतयुग का है दिव्य नजारा।।*

स्व-पर कल्याण की साधना में अहर्निशरत रहने वाले युगनिर्माता, युगपुरुष, साधना के शिखर पुरुष, रत्नत्रय के महान आराधक, उत्क्रांति प्रदाता, गुणशील संप्रेरक, ज्ञान एवं क्रिया के बेजोड़ संगम, नानेश पट्टधर, परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा-47 एवं पर्याय ज्येष्ठा साध्वी श्री पारस कँवर जी म.सा., शासन दीपिका साध्वी श्री सुशीला

कँवर जी म.सा. (बीकानेर वाले) आदि ठाणा-93 के पावन सान्निध्य में साधुमार्गी इतिहास की साक्षी बीकानेर की पावन धरा पर अध्यात्म का अलख जग गया। संपूर्ण चतुर्विध संघ ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप की आराधना में समर्पित है। उभय गुरु भगवंतों को अपने बीच पाकर श्रद्धालु धर्मप्रेमी जनता अभिभूत हो गई। प्रार्थना, प्रवचन, ज्ञानचर्चा, आगम वाचनी, जिज्ञासा-समाधान आदि में सभी श्रावक-श्राविकाएँ आबाल-वृद्ध बढ़-चढ़कर भाग लिया। पाँच मुमुक्षु आत्माओं की जैन भागवती दीक्षा बीकानेर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गई।

बीकानेर-मारवाड़ अंचल के '**परिवर्धनम्**' शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। **मुमुक्षु मेघा जी डोसी**, डौंडीलोहारा की जैन भागवती दीक्षा देशनोक **चातुर्मास काल** में एवं **मुमुक्षु धनश्री जी चोरड़िया**, शहादा की दीक्षा देशनोक में **13 अक्टूबर** के लिए साधु-मर्यादा में रखे जाने वाले सभी आगारों सहित घोषित हुई। घोषणा के साथ ही सर्वत्र खुशी की लहर व्याप्त हो गई। तीन दिवसीय '**जागरण**' शिविर अत्यंत ही प्रभावी रहा। **तपस्विनी पिंकी जी सेठिया**, बीकानेर एवं **तपस्विनी गरिमा जी सिपानी**, उदयरामसर ने **मासखमण तप** करके शासन का गौरव बढ़ाया। महापुरुषों के सान्निध्य में नवदीक्षित चारित्रात्माओं की बड़ी दीक्षा (छेदोपस्थापनीय चारित्र) उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर का बीकानेर का ऐतिहासिक पावन प्रवास अविस्मरणीय बन गया। संपूर्ण बीकानेर क्षेत्र राम गुरु की छाँव में धर्म के रंग में रँग गया।

## धैर्यवान आत्मा को भय नहीं होता

**01 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रात: मंगल बेला में रविवारीय समता शाखा में अपार अनमेदिनी की उपस्थिति देखते ही बन रही थी। संपूर्ण जनसैलाब अपने आपको गुरुदेव द्वारा प्रदत्त इस विशेष आयाम को धन्य बनाने को आतुर था। आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मंगलपाठ फरमाया।

साधना के शिखर महापुरुष आचार्य भगवन् ने उपस्थित गुरुभक्तों को दिव्य आगमवाणी का श्रवण कराते हुए अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि **''धर्म की आराधना करने से धैर्य आएगा। किसी भी स्थिति में जल्दी उत्तेजित नहीं होना। धर्म से सामर्थ्य बढ़ेगा। धर्म से मन प्रसन्न होना चाहिए, निर्भयता आनी चाहिए। मृत्यु का भय नहीं होना चाहिए। शरीर जन्म लेता है तो वह मरेगा, लेकिन आत्मा न जन्म लेती है और न मरती है। आत्मा अलग है, शरीर अलग है। मन चंचल होगा तो शरीर में चंचलता आ जाएगी। धैर्यवान आत्मा को कोई भय नहीं होता। धर्म में मजबूत रहें। कामदेव श्रावक उपसर्ग से घबराए नहीं। मन में जैसा सोचें, वैसा बोलें, फिर वैसा करें। आसक्ति, लगाव, जुड़ाव आदि अशांति के कारण हैं। संसार में रहते हुए संसार में न रहें। संसार से निर्वेद बनें। कैसा भी दृश्य सामने आए उससे प्रभावित नहीं हों। धर्म का मर्म जानने वाले बहुत कम होते हैं। धर्म, संग्रह छुड़ाता है। धर्म लगाव को तोड़ता है। धर्म के प्रभाव से आसक्ति कम होती है। आसक्ति घटेगी तो धर्म बढ़ेगा।''**

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने '**जिया कब तक उलझेगा, संसार विकल्पों में**' गीत प्रस्तुत करते हुए फरमाया कि इंद्रियों की शिथिलता निश्चित है। समय रहते हुए संयम मार्ग पर आगे बढ़ें। अहिंसा, संयम, तप को जीवन में आगे बढ़ाएँ। शासन दीपिका साध्वी सुशीला कँवर जी म.सा. (बीकानेर वाले) आदि साध्वीवृंद ने '**भाग्यशाली हैं हम, पुण्यशाली हैं**' गीत प्रस्तुत किया। संपूर्ण सभा ने एक स्वर में '**जब भी हो गुरुदेव के दर्शन, समझो तीरथ हो गया**' गीत का संगान अहोभाव के साथ किया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, शिखर सदस्यगण सहित हजारों गुरुभक्तों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लेकर जीवन धन्य बनाया। प्रत्येक पक्खी को प्रतिक्रमण करने का नियम कई भाई-बहनों ने लिया।

श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, बीकानेर एवं संस्कार शिविर समिति द्वारा महापुरुषों के सान्निध्य में आयोजित 10 दिवसीय बीकानेर-मारवाड़ अंचल '**परिवर्धनम्**' शिविर का समापन समारोह संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिखर सदस्य, शिविर संयोजक, अंचल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्थानीय संघ अध्यक्ष, मंत्री आदि की उपस्थिति में सानंद संपन्न हुआ। बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। मुमुक्षु मयंक जी सोनावत, मुमुक्षु हार्दिक जी सोनावत, मुमुक्षु रेखा जी सोनावत ने शिविर के बालक-बालिकाओं को प्रेरक उद्बोधन में लक्ष्य सदैव ऊँचा रखते हुए संयम भाव जगाने एवं श्रेष्ठ कार्यों में विलंब न करने की अद्भुत प्रेरणा दी।

# संयम के लिए हमारा पुरुषार्थ जगे

## मुमुक्षु धनश्री जी चोरड़िया की दीक्षा 13 अक्टूबर के लिए घोषित

**02 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रातः '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**राम गुरु महाराज आपकी जय हो**' मधुर भक्ति गीतों के साथ प्रभु एवं गुरुभक्ति की गई। आचार्यदेव ने असीम कृपा बरसाते हुए मंगलपाठ श्रवण कराया। तत्पश्चात् आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि गुरुभक्ति, दर्शन से हमने क्या प्राप्त किया? संवर में सुख है। संयम में सुख है। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह की आराधना से हमारा कल्याण होने वाला है। मात्र जय-जयकार और हर्ष-हर्ष में नहीं रहें। हमें भी वैराग्यदीप जलाना है। अंतराय कर्म टूटे, संयम के लिए हमारा पुरुषार्थ जगे, अंतर् में ऐसा भाव जगाना चाहिए। संवर की आराधना से हमारे जीवन की दशा और दिशा बदल जाएगी।

श्री लाघव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि इंद्रियों का निग्रह किए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। भोग भोगने में अच्छे लगते हैं, पर उदयकाल जब आता है तो ये भोग दुख का कारण बन जाते हैं।

'**परिवर्धनम्**' शिविर में उपाध्याय प्रवर ने शिविरार्थियों को प्रतिबोधित करते हुए फरमाया कि ''**बुद्धि की पवित्रता मोक्ष का द्वार है। शुभ भावना को निरंतर आगे बढ़ाएँ। शुभ विचार, शुभ कार्य को निरंतर आगे बढ़ाएँ।**''

आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर की निर्मल संयम-साधना से प्रेरित होकर स्व-पर कल्याण हेतु अपना सर्वस्व समर्पित करने की भावना रखने वाली **मुमुक्षु सुश्री धनश्री जी चोरड़िया** सुपुत्री रमेश जी-हेमलता जी चोरड़िया, शहादा की दीक्षा हेतु परिजनों ने गुरुचरणों में अनुज्ञा-पत्र सहर्ष समर्पित किया। इस अवसर पर छोटे दादाजी मोहनलाल जी चोरड़िया ने अनुज्ञा-पत्र का वाचन किया। बड़े पिताजी इंद्रचंद जी चोरड़िया, संजय जी चोरड़िया, चाचाजी नवरतन जी चोरड़िया, नानाजी प्रकाश जी बोहरा, खेतिया, भाई जय जी चोरड़िया, बहन दीया जी आदि ने आचार्य भगवन् के पावन चरणों में अनुज्ञा-पत्र जैसे ही समर्पित किया, संपूर्ण सभा '**राम गुरु विराट हैं, दीक्षाओं का ठाट है**' आदि जयघोषों से गूँज उठी।

24 वर्षीय **मुमुक्षु सुश्री धनश्री जी चोरड़िया** ने प्रतिज्ञा-पत्र का पठन करते हुए कहा कि आज मेरी वर्षों से सँजोई हुई संयम ग्रहण करने की भावना साकार रूप लेने जा रही है। आचार्य भगवन्, उपाध्याय प्रवर व परिजनों के मंगल आशीर्वाद से मैं संयम पथ पर आगे बढ़ रही हूँ। संयम जीवन ही सर्वश्रेष्ठ है। साध्वीवर्याओं ने '**तेरी साधना को झुकती मेरी आत्मा**' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न तपस्याओं के प्रत्याख्यान हुए।

आचार्य भगवन् ने असीम कृपा कर **मुमुक्षु धनश्री जी चोरड़िया** की दीक्षा **13 अक्टूबर 2025** को **देशनोक** के लिए जैसे ही उद्घोषित की संपूर्ण सभा जय-जयकारों व जयवंता-जयवंता के स्वरों से हर्षातिरेक हो गई।

# मुमुक्षुजनों मयंक जी सोनावत, हार्दिक जी सोनावत, रेखा जी सोनावत, नेहा जी डोसी, साक्षी जी भंसाली का आत्मीय स्वागत-बहुमान

## वीतरागता की ओर बढ़ रहे चरण, धन्य-धन्य कह रहा है सबका मन।

**होटल कला मंदिर, बीकानेर।** सांसारिक बंधनों, सुख-सुविधाओं को छोड़कर त्याग, संयम, वैराग्य पथ पर आगे बढ़ने वाले मुमुक्षु भाई-बहनों का गरिमामय समारोह में श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति-बीकानेर, समता महिला मंडल, समता युवा संघ, समता बहू मंडल, समता बालिका मंडल एवं श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ सहित अनेक संस्थाओं द्वारा शानदार आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह में मंच पर मुमुक्षु भाई-बहन व वीर परिजन शोभायमान थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में समता महिला मंडल ने मंगलाचरण एवं समता बहू मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अभिनंदन-पत्र का पठन संघ मंत्री ने किया। मुमुक्षुओं का आत्मीय परिचय महेश नाहटा ने दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने भावाभिनंदन में कहा कि आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर की महती कृपा से संयम शतम् में दीक्षाओं का ठाट लगा हुआ है। अल्पायु में संयम ग्रहण कर ये मुमुक्षु भाई-बहन सभी के लिए आदर्श बन गए हैं। शिविरों के माध्यम से कई प्रतिभाएँ अपने जीवन को आगे बढ़ा रही हैं। ये हर्ष का विषय है। दीक्षार्थी परिजन व बीकानेर संघ बधाई के पात्र हैं।

**मुमुक्षु रेखा जी सोनावत** ने अपने भावोद्‌गार में कहा कि मेरे घर से यह दान जाना चाहिए। सुपात्रदान हर कोई देता है, लेकिन मेरे बच्चों की भावना बनी और मेरे मन में भी ये भावना जगी। आज यह प्रसंग भी आ गया है। अपनी संतानों को महापुरुषों के सान्निध्य में और आरुग्गबोहिलाभं में भेजने का लक्ष्य अवश्य रखें।

**मुमुक्षु मयंक जी सोनावत** ने कहा कि श्री विदेह मुनि जी म.सा. का पावन सान्निध्य हैदराबाद में प्राप्त हुआ। शिविर में मुझे जीव-अजीव का ज्ञान हुआ और उसी समय आगे बढ़ने का लक्ष्य बना लिया। आज वह शुभ दिन आ गया है। संयम में जो आनंद है वह और कहीं नहीं है।

**मुमुक्षु हार्दिक जी सोनावत** ने कहा कि महापुरुषों के पावन सान्निध्य तथा माता-पिता के शुभ संस्कार प्राप्त कर इस संयम पथ पर आगे बढ़ रहा हूँ। आत्मकल्याण के लिए उम्र का बंधन नहीं होता है।

**मुमुक्षु नेहा जी डोसी** ने **'तेरी साधना को झुकती मेरी आत्मा'** गीत प्रस्तुत करते हुए कहा कि मोक्ष जाने का मार्ग संयम है। गुरु-भगवंतों एवं साध्वीवर्याओं के पावन दर्शन कर मेरे मन में भावना जगी और मैं संयम मार्ग पर आगे बढ़ गई।

**मुमुक्षु साक्षी जी भंसाली** ने कहा कि मनुष्य भव को सार्थक करने का सुंदर अवसर प्राप्त हुआ है। गुरु-भगवंतों सहित चारित्रात्माओं एवं माता-पिता से अपूर्व आत्मशिक्षा प्राप्त हुई। मेरे उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरे माता-पिता ने मुझे आज्ञा देकर महान उपकार किया है। शिविरों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ और दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प मैंने लिया और आज वह पावन दिन आ गया। मैं सभी के उपकारों के प्रति कृतज्ञ रहूँगी।

मुमुक्षु भाई-बहनों एवं वीर परिजनों का आत्मीय स्वागत श्री अ.भा. साधुमार्गी जैन संघ, श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, समता महिला मंडल, बहू मंडल, समता युवा संघ, बालिका मंडल, आरुग्गबोहिलाभं, गंगाशहर-भीनासर संघ सहित अनेक संस्थाओं द्वारा तिलक, माला, शॉल व अभिनंदन-पत्र भेंट कर किया गया। **'संयम के भाव आज जगे, मेरे नाम के आगे राम लगे'** एवं **'संसार खारो लागें, वैराग्य प्यारो लागें'** आदि गीत सभा को संयोजन कर रहे गुरुभक्तों ने प्रस्तुत किया।

सम्मानित सभा में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, शिविर संयोजक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्थानीय संघ अध्यक्ष-मंत्री सहित देश के अनेक स्थानों से पधारे भाई-बहनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## चर्चा की नहीं, चर्या की कीमत है

**03 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रातःकालीन मंगलमय प्रार्थना पश्चात् आयोजित धर्मसभा में उपस्थित गुरुभक्तों व अपार जनमेदिनी को संबोधित करते हुए बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने अपनी ओजस्वी वाणी में फरमाया कि **''गुरुचरणों का सान्निध्य निरंतर प्राप्त हो रहा है। 'क्या पाया और क्या प्राप्त कर सकते हैं' इसे चिंतन का विषय बनाएँ। गुरु का सान्निध्य सोए ज्ञान को जगाने वाला होता है। अपना पुरुषार्थ जगाएँ, क्योंकि परिणाम पुरुषार्थ से मिलेगा। हमारा संकल्प दृढ़ व मजबूत होना चाहिए। जीवन में यह महत्व नहीं कि सोच कितनी ऊँची है। जीवन में मूल्य आचरण का है। सत्य की महिमा अपरंपार है। सत्य, ईमान से ही व्यापार ऊँचाइयों तक पहुँचता है। विचार, मन और जुबान की कला से दुनिया प्रभावित हो सकती है, लेकिन आत्मा को प्रभावित करने के लिए आचरण आवश्यक है। सत्यनिष्ठा, मर्यादित धर्ममय जीवन सिद्धांत के जितना अनुकूल होता है उतनी ही शक्ति प्रकट होती है। हमारी चर्या जितनी पवित्र होगी उतना ही उसका महत्व होगा। अच्छे व बुरे सभी विचारों का प्रभाव मन पर पड़ता है।''**

श्री धीरज मुनि जी म.सा. ने '**आया कहाँ से कहाँ है जाना, ढूँढ़ ले ठिकाना चेतन ढूँढ़ ले ठिकाना**' गीत प्रस्तुत कर सबको भावविभोर कर दिया। श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि ब्रह्मचर्य पालन करने वाला साधक स्वाध्याय में मन लगाए। वह स्त्रीकथा न करे, न सुने। ब्रह्मचर्य के नौ बाड़ फरमाए गए।

साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा. आदि साध्वीवृंद ने '**राम गुरुवर तेरे जीवन को करते हैं नमन**' गुरुभक्ति गीत एवं साध्वी श्री सुमेधा श्री जी म.सा., साध्वी श्री समीहा श्री जी म.सा. आदि साध्वीवर्याओं ने '**रोम-रोम में बसिया राम गुरु**' वंदना गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न तपस्याओं के प्रत्याख्यान हुए।

## मुमुक्षु नेहा जी डोसी एवं साक्षी जी भंसाली का भव्य वरघोड़ा, अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत

**संयम पथ पर कदम बढ़ाऊँ, करूँ आत्म-संधान,**
**मेरा एक यही अरमान।**

मानव जीवन का सार संयम है। ऐसे ही त्याग व संयम मार्ग पर आगे बढ़ने वाली **मुमुक्षु नेहा जी डोसी**, डौंडीलोहारा एवं **मुमुक्षु साक्षी जी भंसाली**, डौंडीलोहारा का भव्य वरघोड़ा श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, बीकानेर द्वारा निकाला गया। वरघोड़ा राँगड़ी चौक से प्रारंभ होकर कोठारी मोहल्ला, ढड्ढा चौक आदि अनेकानेक मोहल्लों में होते हुए पुन: सेठिया कोटड़ी पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। मुमुक्षु बहनें व परिजन आकर्षक रथ में सवार थे। जैन-जैनेतर जन अनेक स्थानों पर स्वागत हेतु उमड़ पड़े। मुमुक्षुओं के आदर्श त्याग को देखकर सभी नतमस्तक हो रहे थे। संपूर्ण मार्ग '**त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की**', '**जग में सुंदर दो ये नाम, जय गुरु नाना जय गुरु राम**', '**संयम इनका सख्त है, तभी तो लाखों भक्त हैं**', '**राम गुरु विराट हैं, दीक्षाओं का ठाट है**' आदि अनेकानेक जयघोषों से गुंजायमान हो रहा था।

# मोह-ममत्व छोड़ना बहुत बड़ी बात है

## युगनिर्माता आचार्य भगवन् एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर के पावन सान्निध्य में पाँच मुमुक्षु आत्माओं की जैन भागवती दीक्षा संपन्न, माँ अपने दो बेटों के साथ संयम पथ पर अग्रसर

संयम प्यारो लागै, म्हानै दीक्षा प्यारी लागै।
म्हाने राम गुरु सा री, चरणा री शरण प्यारी लागै।।
जहाँ राम गुरु की महर है, वहाँ संयम लीला लहर है।

**04 जून 2025, सेलिया कोटड़ी।** परमागम रहस्यज्ञाता परम श्रद्धेय आचार्य भगवन् एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर की निर्मल संयम साधना एवं ओजस्वी-तेजस्वी प्रवचनों से प्रभावित होकर अनेक आत्माएँ स्व-पर कल्याण की साधना में समर्पित हो रहे हैं। इसी कड़ी में 15 वर्षीय **मुमुक्षु मयंक जी सोनावत** व 13 वर्षीय **मुमुक्षु हार्दिक जी सोनावत** सुपुत्र विनीत जी-रेखा जी सोनावत, भीनासर-हैदराबाद, 39 वर्षीय **मुमुक्षु श्रीमती रेखा जी सोनावत** धर्मसहायिका विनीत जी सोनावत, भीनासर-हैदराबाद, 29 वर्षीय **मुमुक्षु नेहा जी डोसी** सुपुत्री महेंद्र जी-निर्मला जी डोसी, 27 वर्षीय **मुमुक्षु साक्षी जी भंसाली** सुपुत्री राजू जी-ललिता जी भंसाली, डौंडीलोहारा सभी भौतिक सुख-सुविधाओं को ठोकर मारकर आत्मकल्याण के सर्वश्रेष्ठ संयम पथ पर अग्रसर होकर सबके लिए आदर्श बन गए। आत्म-कल्याण के लिए कोई उम्र नहीं होती। सुंदर भावों के साथ जीवन के सुनहरे पलों को इन पाँचों मुमुक्षुओं ने सार्थक कर लिया।

प्रात: 6 बजे आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर के साथ श्री रमेश मुनि जी म.सा., श्री प्रकाश मुनि जी म.सा., कविरत्न श्री वीरेंद्र मुनि जी म.सा., श्री गौतम मुनि जी म.सा. आदि संतवृंद एवं शासन दीपिका साध्वी श्री कमलप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा., साध्वी श्री कल्याण कँवर जी म.सा., साध्वी श्री चंद्रप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री श्वेता श्री जी म.सा., साध्वी श्री लक्ष्यप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री प्रभावना श्री जी म.सा., साध्वी श्री सुरभि श्री जी म.सा., साध्वी श्री निखार श्री जी म.सा., साध्वी श्री चंद्रिका श्री जी म.सा., साध्वी श्री खंतिप्रिया श्री जी म.सा. आदि के पावन सान्निध्य में श्रावक-श्राविकाओं की अपार जनमेदिनी की उपस्थिति समवसरण का अद्भुत दृश्य परिलक्षित कर रही थी। प्रारंभ में श्री गौतम मुनि जी म.सा. ने '**14 पूर्वों का सार, महामंत्र नवकार**' का सामूहिक जाप करवाया।

प्रात: 6:05 पर बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. ने दीक्षा विधि प्रारंभ करते हुए सम्यक्त्व का पाठ एवं अन्य विधियाँ संपन्न करवाई। 6:15 बजे परम पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. ने असीम कृपा करके तीन बार करेमि भंते के पाठ से मुमुक्षु आत्माओं को संपूर्ण सावद्य (पापकारी) क्रियाओं का त्याग करवाकर नवकार महामंत्र के पंचम पद '**नमो लोए सव्वसाहूणं**' पर आरूढ़ किया एवं नवीन नामकरण इस प्रकार घोषित किए -

- मुमुक्षु मयंक जी सोनावत ..................... **नवदीक्षित संत श्री राममूर्ति मुनि जी म.सा.**
- मुमुक्षु हार्दिक जी सोनावत .................... **नवदीक्षित संत श्री रामहंस मुनि जी म.सा.**
- मुमुक्षु श्रीमती रेखा जी सोनावत ............. **नवदीक्षिता साध्वी श्री रामरुचि श्री जी म.सा.**
- मुमुक्षु नेहा जी डोसी ........................... **नवदीक्षिता साध्वी श्री रामनिभा श्री जी म.सा.**
- मुमुक्षु साक्षी जी भंसाली ...................... **नवदीक्षिता साध्वी श्री रामसुधा श्री जी म.सा.**

नवीन नामकरण की घोषणा के साथ ही संपूर्ण सभा जय-जयकारों एवं संयम गीतों से गूँज उठी। हर किसी ने अपने धर्म आह्लाद को प्रकट किया। केशलुंचन का कार्य नवदीक्षित संतों का आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर ने तथा नवदीक्षिता साध्वीवर्याओं का साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा. (बीकानेर वाले) के करकमलों से संपन्न हुआ।

दीक्षा से पूर्व रामपुरिया हवेली से मुमुक्षु भाई-बहनों का सफेद बाना धारण कर ऐतिहासिक स्थल सेठिया कोटड़ी में आगमन हुआ। चहुँओर संयम का वातावरण छा गया।

साधना के शिखर पुरुष आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि **''परमात्मा से सदा प्रीत बनी रहनी चाहिए। अहंकार, ममकार हमारे मन में रहता है तो प्रीत वहाँ से समाप्त हो जाती है। हमारी भक्ति सही दिशा में चलती रहेगी तो भगवान की भक्ति रहेगी। डौंडीलोहारा जैसे छोटे-से गाँव से अब तक 16 दीक्षाएँ हो चुकी हैं। ममत्व एवं मेरेपन का त्याग करना बहुत कठिन है। आज का प्रसंग हमको प्रेरणा देता है- 'दीक्षा आप लीजिए औरों को दिलाइए, जो भी लेता होवे दीक्षा, उनका साथ दीजिए'। इनकी भावना को बढ़ाना है। इतनी छोटी उम्र में आप दीक्षा लेकर बहुत उच्च कार्य के रूप में साधु जीवन स्वीकार कर रहे हैं। मोह-ममत्व को छोड़ना बहुत बड़ी बात है। एकत्व की भावना जब सध जाती है तो कैसी भी परिस्थिति आ जाए, फिर भी मोह की भयावहता हमें परेशान करने वाली नहीं बनेगी। साधना का लाभ केवल वेश परिवर्तन नहीं, जीवन परिवर्तन में है। छल-प्रपंच, विषय-वासना से मुक्ति हमारे से कोसों दूर हो जाएगी। आत्मकल्याण यानी आत्मा को आनंद से परिपूरित करना। जब भगवान की आज्ञा पर हमारा जीवन कटिबद्ध होगा तब जीवन में आनंद आएगा। भगवान की आज्ञा अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य, ब्रह्मचर्य में है।''**

श्री लाघव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि संयम जीवन सब कुछ खोकर, सब कुछ पाने का है। गुरु जब एक बार सिर पर हाथ फेरते हैं तो सारे कुसंस्कार दूर हो जाते हैं। धन-दौलत से आप सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं, किंतु राम का नाम प्राप्त नहीं कर सकते।

श्री गौतम मुनि जी म.सा. ने मुमुक्षुओं के आत्मिक परिचय के साथ उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

श्री रामसौरभ मुनि जी म.सा. ने '**दुर्लभ चरण शरण में तुम्हें वास मिल गया**' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। श्री गगन मुनि जी म.सा., श्री धीरज मुनि जी म.सा., श्री गौरव मुनि जी म.सा. आदि संतों ने '**वीतरागता की ओर बढ़ रहे हैं ये चरण**', साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा., साध्वी श्री कमलप्रभा जी म.सा. आदि साध्वीवृंद ने '**राम का राज जो पाया, संयम हैं सुखकारी**' एवं साध्वी मंडल ने '**देवां बधाई आज राम गुरु ने**' विभिन्न गीत प्रस्तुत किए। सोनावत परिवार ने सुंदर भावाभिव्यक्ति में नवदीक्षित म.सा. को भोलावन देते हुए कहा कि गुरु आज्ञा में रहना है। संयम को खूब दीपाना है। परिवार का नाम रोशन करना है। महेश नाहटा ने इस दीक्षा महोत्सव को अलौकिक, अविस्मरणीय, अद्‌भुत निरूपित करते हुए दीक्षार्थियों व परिजनों के आदर्श त्याग की सराहना की।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुशियों का पिटारा खोलते हुए महापुरुषों के सान्निध्य में **20 से 27 जुलाई** को **देशनोक** में '**अनुत्तरम्**' शिविर एवं **13 से 27 जुलाई** को '**तत्वानंद**' शिविर की महत्वपूर्ण जानकारी दी। दीक्षा समारोह में सोनावत परिवार, डोसी परिवार, भंसाली परिवार सहित देश के अनेक स्थानों के श्रद्धालु धर्मप्रेमी भाई-बहनों ने उपस्थित होकर दीक्षा की अनुमोदना की। श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, समता महिला मंडल, समता युवा संघ, समता बहू मंडल, समता बालिका मंडल, बीकानेर आदि की धर्मनिष्ठा एवं सेवा-भक्ति सराहनीय रही। यह दीक्षा महोत्सव बीकानेर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया।

# मुमुक्षु मेघा जी डोसी की दीक्षा देशनोक चातुर्मास काल के लिए घोषित

दोपहर में आचार्य भगवन्, उपाध्याय प्रवर के अद्‌भुत अतिशय का नजारा देखने को मिला। 27 वर्षीय वीर बाला अध्यात्म पथ साधिका **मुमुक्षु सुश्री मेघा जी डोसी** सुपुत्री रिखबचंद जी-मधु देवी डोसी, सुपौत्री स्व. श्री प्रेमराज जी-तारा देवी डोसी, डौंडीलोहारा की जैन भागवती दीक्षा हेतु परिजनों ने गुरुचरणों में अनुज्ञा-पत्र सहर्ष समर्पित किया। मुमुक्षु मेघा जी डोसी ने प्रतिज्ञा-पत्र श्रीचरणों में अर्पित किया।

महापुरुषों के सान्निध्य में **20 से 27 जुलाई** को **देशनोक** में '**अनुत्तरम्**' शिविर

आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मुमुक्षु मेघा जी डोसी की जैन भागवती दीक्षा चातुर्मास काल में **देशनोक** के लिए जैसे ही घोषित की, संपूर्ण सभा जय-जयकारों से हर्षानुमोदन करने लगी। एक अलग कार्यक्रम में मुमुक्षु मेघा जी डोसी व परिजनों-फूलचंद जी डोसी, रिखब जी डोसी, सौरभ जी डोसी, वीर माता मधु जी डोसी आदि का स्वागत बहुमान बोथरा भवन में श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, बीकानेर द्वारा किया गया। स्वागत समारोह में '**संयम के भाव आज जगे, मेरे नाम के आगे राम लगे**' एवं '**राम गुरु की जय-जयकार**' आदि जयघोष अनवरत होते रहे।

# आत्मतत्व ही सारभूत है

**05 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** भोर की मंगल प्रार्थना में '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**आओ राम गुरुवर के चरणों में वंदन करें**' मधुर भजनों का गान किया गया। असीम कृपा करके उपाध्याय प्रवर ने मंगलपाठ फरमाया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि संसार में यदि सुरक्षित स्थान है तो वह केवल गुरुचरणों की सन्निधि है। यदि हमारा विकास हो सकता है तो केवल गुरुचरणों में हो सकता है। आत्मतत्व ही सारभूत है। बाकी जितने भी पदार्थ हैं, जितने भी जड़ हैं, वे सारे के सारे असार हैं। केवल आत्मतत्व और उनके साथ जुड़े तत्व ही वास्तव में शांति और समाधि देने वाले हैं। गलती को गलती नहीं मानेंगे तो हमारा सुधार होने वाला नहीं है। यदि हमारा सुधार करना है तो गलती को गलती मानें।

महापुरुषों के सान्निध्य में **13 से 27 जुलाई** को '**तत्वानंद**' शिविर

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि काम, क्रोध को त्यागने वाला ही सच्चा वीर है। सभा ने '**जिनशासन के वीरों को वंदन हैं, अभिनंदन हैं**' गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एकासना, आयंबिल, उपवास, तेले की लड़ी आदि विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए। अनेक तपस्याएँ निरंतर जारी हैं। 92 वर्षीय शांति देवी बेगानी ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

# अशांति की जड़ सम्यक् निर्णय का अभाव है

**06 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** मंगलमय प्रात:कालीन प्रार्थना में प्रभु एवं गुरुभक्ति के पश्चात् आयोजित धर्मसभा में उपस्थित ज्ञानपिपासु श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने अपनी तेजस्वी वाणी में फरमाया कि ''**गुरु हमारे भीतर के अज्ञान को मिटाते हैं। अज्ञान सभी दुखों का कारण है। अज्ञान, मोह को पैदा करता है। अज्ञान, चिंता की जड़ है। हमारे जीवन की समग्र चिंताओं का प्रमुख कारण अनिर्णय है। अनिर्णय का प्रमुख कारण हमारी अज्ञान दशा है। जितना ज्यादा जानते हैं उतना ही ज्यादा भ्रमित होते हैं। ज्ञान का अभाव अनिर्णायक दशा पैदा करता है। उसका परिणाम चिंता है। जो सम्यक् निर्णय करने वाला है और जो समतामय है, वही**

**जीवन सर्वश्रेष्ठ है। हमारी सारी अशांति की जड़ सम्यक् निर्णय का अभाव है। निर्णायक क्षमता प्रकट करेंगे तो जीवन का सच्चा आनंद प्रकट होगा। यह होगा ज्ञान की स्पष्टता से। गुरु ही ज्ञान का प्रकाश देते हैं। गुरु ही हमारे भीतर के अंधेरों को दूर करते हैं। जैसे ही अंधेरा छँटता है और ज्ञान प्रकट होता है फिर निर्णायक क्षमता विकसित होती है।''**

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि प्रतिदिन गरिष्ठ भोजन करने से शरीर और विचारों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पाँच विगय- दूध, दही, घी, तेल, मीठा में से प्रतिदिन एक विगय का त्याग करना चाहिए। '**जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन**' एवं '**जैसा पीए पानी, वैसी होवे वाणी**' लोकोक्तियाँ अपने आप में सही हैं।

साध्वी श्री लब्धि श्री जी म.सा., साध्वी श्री प्रभावना श्री जी म.सा. आदि साध्वीवर्याओं ने '**धन्य हैं बहुश्रुत जी, धन्य तेरा ज्ञान**' गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। स्थानीय श्रावक जी ने दिनांक 9 से 11 जून 2025 को प्रात: 7 से 8 बजे तक 25 से 50 आयु वर्ग के जागरण शिविर की जानकारी दी। दशवैकालिक सूत्र के प्रथम अध्ययन की पाँच गाथा एक माह में कंठस्थ करने का प्रत्याख्यान कई भाई-बहनों ने लिया। खैरोदा संघ ने चातुर्मास की विनती गुरुचरणों में प्रस्तुत की।

## सुकुमारता का त्याग करें

**07 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**श्री महावीर स्वामी की सदा जय हो**' मधुर भजनों के साथ प्रात:कालीन प्रार्थना की गई। धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि आत्मा सुख चाहती है। वह स्वयं सुख रूप है। सुख उसका स्वभाव है। सुख हमारे भीतर रहा हुआ है। बाहर ढूँढ़ने की जरूरत नहीं है। वस्तुत: साधक की परीक्षा यहाँ नहीं, देवलोक में है। प्राप्त होने पर व्यक्ति जो छोड़ता है वही सच्चा त्याग है। अनुकूलता की इच्छा ही सबसे बड़ा दुख है। प्रतिकूलता वास्तव में जीवन को नई दिशा देती है। प्रतिकूलता को हमारा जीवन मंत्र बनाएँ। अनुकूलता हमारे पुण्य को ले जाने वाली होती है और प्रतिकूलता हमारे जीवन को खिलाने वाली होती है।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि साधु हो या श्रावक, निंदा-प्रशंसा, शब्द, रूप, गंध, स्पर्श के आकर्षण से अलग रहें। दिनभर टी.वी., मोबाइल में जो देखते हैं, उससे क्या मनोस्थिति बन रही है ? इन सबसे मन के उन्माद को शांत करने के लिए गुरु का सान्निध्य जरूरी है। धर्म स्थान में साज-शृंगार करके आने की आवश्यकता नहीं है। संपूर्ण सभा ने '**जिनशासन के वीरों को वंदन हैं अभिनंदन हैं, महावीर के सूपतों को वंदन हैं अभिनंदन हैं**' गीत का संगान किया। एकासना, आयंबिल, उपवास, बेला, तेला के प्रत्याख्यान हुए। जीवदया की भावना को आगे बढ़ाने, नवकार जाप, लोगस्स का पाठ एवं 36 वंदना करने के नियम अनेक भाई-बहनों ने लिए। विभिन्न स्थानों एवं स्थानीय धर्मप्रेमी गुरुभक्तों ने गुरुदर्शन-सेवा का लाभ लिया।

## हमारा दृष्टिकोण आत्मकेंद्रित हो

**08 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** रविवारीय समता शाखा आराधना करने हेतु प्रात:काल से हजारों कदम स्थानक की ओर बढ़ रहे थे। आचार्य भगवन् द्वारा प्रदत्त इस विशेष आयाम के अंतर्गत समता आराधना की गई। आचार्य भगवन् ने असीम कृपा कर मंगलपाठ फरमाया। तत्पश्चात् आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि यदि किसी व्यक्ति को शुद्धता की प्राप्ति करनी है तो अशुभ का परिहार

करना होगा। हमें मनुष्य भव मिला, जिनशासन मिला, सद्गुरु का योग मिला एवं सारी अनुकूलताएँ मिली। यह पुण्य की बदौलत ही संभव हुआ है। हमारा दृष्टिकोण आत्मकेंद्रित होना चाहिए। त्याग मुख्य है, किंतु उससे भी ज्यादा मुख्य है उसके पीछे रहा हुआ उद्देश्य। वंदना करने से जीव को उच्च कर्म का बंध और नीच कर्म का क्षय होकर सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हम ऐसा पुण्य इकट्ठा कर लें कि संसार में उलझना चाहें तो भी उलझ नहीं पाएँ। भगवान द्वारा बताया गया प्रत्येक योग केवलज्ञान प्रकट करने में समर्थ है। दुनिया में सारे काम आसान हैं, लेकिन किसी कठिन कार्य पर क्षमा धारण करना, वात्सल्य भाव रखना, गुणों को प्राप्त करना और गुण प्राप्त करने के बाद उन पर अपने आपको टिकाए रखना बहुत कठिन है। हमारे सामने वंदनीय है वह नहीं तिराएगा, अपितु हमारी वंदना हमें तिराने वाली होती है।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि पश्चात्ताप की उत्कृष्ट भावना से कर्म क्षय होते हैं। पश्चात्ताप की भावना से मृगावती को केवलज्ञान प्रकट हो गया। मुझे मेरे दोषों को दूर करना है। पूरी सभा ने '**जिनशासन के वीरों को वंदन हैं अभिनंदन हैं**' गुरुभक्ति गीत का सामूहिक गान किया। ऊपर से नमक नहीं लेने सहित अनेक त्याग-प्रत्याख्यान हुए। उदयरामसर संघ ने शेखेकाल विराजने की विनती प्रस्तुत की। चारित्रात्माओं में भी विभिन्न तपस्याएँ जारी हैं।

# दुख की जड़ आशा की परिकल्पना है

**09 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रात:कालीन मंगल बेला में '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**हुक्मगणी का पाट हुआ हैं निहाल जी**' मधुर भक्ति भजनों के साथ प्रभु एवं गुरु वंदना की गई। आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मंगलपाठ प्रदान किया।

प्रवचन स्थल पर आयोजित धर्मसभा में गुरुभक्तों की अपार जनमेदिनी को भगवान महावीर की अमृत देशना से पावन करते हुए बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने अपनी मधुर वाणी में फरमाया कि "**गुरु ही हमें तत्व का बोध कराते हैं। तत्व यह है कि सारे दुखों का प्रारंभ या उनका बीज ही खुशी है। अगर हमने खुश होना नहीं छोड़ा तो हम दुखों से मुक्त नहीं हो सकते। आध्यात्मिक साधना बहुत सरल नहीं है तो बहुत कठिन भी नहीं है। कठिन है ऐसे दृष्टिकोण का निर्माण। व्यक्ति वर्तमान को सर्वोत्तम करने में अपना सर्वश्रेष्ठ लगा दे तो उसका भविष्य सुनिश्चित है। उनका वर्तमान भव्य और श्रेष्ठ होगा क्योंकि भविष्य वर्तमान के गर्भ से निकलने वाला बालक है। आशा का निर्माण नहीं करना, वह दुख का निर्माण करती है। आशा की परिकल्पना ही दुख की जड़ है।**"

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि वास्तव में शाश्वत सुख की ओर यदि दृष्टि रखने वाले के सामने कितनी भी समस्याएँ आ जाएँ वह खुशी-खुशी उन समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार रहता है। हम वास्तविक सुख प्राप्त करना चाहते हैं, किंतु दौड़ भौतिक सुख की ओर लगा रहे हैं।

साध्वीवर्याओं ने गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। जागरण शिविर में 25 से 50 वर्ष के युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने फरमाया कि जीवन में आगे बढ़ने हेतु सूत्र '**नो कंपीटिशन एंड नो कंपेरिजन**' एवं जीवन में सुधार हेतु सूत्र - '**सेल्फ कंपीटिशन एंड सेल्फ कंपेरिजन**' को धारण करें। धार्मिक क्रियाओं का उद्देश्य सिर्फ भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं है। जो स्वयं के लिए नहीं सोच सकते वो दूसरों के लिए भी नहीं सोचते। धर्म से बाह्य सुख मिले या न मिले, लेकिन आत्मिक आनंद अवश्य प्राप्त होगा। धर्म में समभाव अवश्य आता है, जिससे दुख भी सुख रूप हो जाते हैं।

# मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा की चाह दुखी बनाने वाली

**10 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रात: मंगलमय प्रार्थना में प्रभु एवं गुरुभक्ति कर गुरुभक्तों ने जीवन धन्य बनाया। तत्पश्चात् आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि आत्मा अतुल्य होती है। संसार में ऐसा कोई द्रव्य नहीं है, जिससे आत्म द्रव्य की तुलना की जा सके। यदि कोई हमें दुखी करने वाला है तो वह है दुर्गुण। दूसरों के अंदर अपने से ज्यादा गुण देखकर अंदर ही अंदर खुशी होती है तो उसके भीतर वास्तविक गुण रहे हुए हैं। दूसरों के दुर्गुणों पर दृष्टि जाने से गुण भी मंद पड़ जाते हैं। जिस पर अपनी दृष्टि होती है वही चीज बढ़ती है। अभाव पर दृष्टि पड़ेगी तो अभाव बढ़ेगा और पूर्णता पर दृष्टि होगी तो पूर्णता बढ़ेगी। मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा की चाह दुखी बनाने वाली है। जिसकी बुद्धि बड़ा करने में लगी हुई है वह छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देता। सम्मान करने वाले एवं अपमान करने वाले के प्रति एकसमान भावना रखना महान एवं मुख्य साधना है।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि हमारा लक्ष्य रहे कि हम जागरूक अवस्था में रहें, क्योंकि जागरूक रहकर किया गया कार्य सार्थकता दिलाता है। जो विषय वासना का जीवन है वह कर्म बाँधने वाला जीवन है। वह जागरूकता का नहीं बेहोशी का जीवन है। समय मात्र का भी प्रमाद मत करो। जो समय मिला है उसका सही उपयोग करो। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए।

जागरण शिविर में बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने अपनी ओजस्वी वाणी में शिविरार्थियों को प्रेरणा प्रदान करते हुए फरमाया कि **''इसका परिणाम अच्छा ही होगा' इस सोच को हमेशा मन में बनाए रखें। धैर्य के साथ रखी गई सोच हमें विपरीत परिस्थितियों में भी एनर्जेटिक बनाए रखती है। सद्भावना के साथ किया गया कार्य हमेशा सफल होता है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन हम अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियों में समभाव बनाए रखें। सहयोग करने वाले बनो, निंदा करने वाले नहीं। हमेशा दूसरों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाले बनें।''** विभिन्न शुभ संकल्प हुए।

# अंतर्मुखी दृष्टि से दुख दूर होते हैं

**11 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** दैनंदिनी के अनुसार प्रात: मंगल प्रार्थना में **'मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान'**, **'जय बोलो महावीर स्वामी की'** मधुर गीतों के साथ भक्ति आराधना की गई।

सेठिया कोटड़ी के विशाल प्रांगण में आयोजित धर्मसभा में जीवन के सच्चे सुख का ज्ञान कराते हुए बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने अपनी ओजस्वी वाणी में फरमाया कि **''गुरु आत्मा में खोज करने का रास्ता बताते हैं। अंतर्दृष्टि का बहुत महत्व है। जीवन का सच्चा सुख उसे मिलता है जिसकी आँखें लगातार अपने भीतर लगी रहती हैं। भीतर की आँखों से बाहर देखने का तात्पर्य है कि दुनिया हमारे प्रति क्या सोच रही है? कौन क्या बोल रहा है? कौन क्या कर रहा है? भीतर के वास्तविक स्वरूप को देखना अंतर् की दृष्टि है। जीवन कितना बाहर की ओर आकर्षित हो रहा है, यह चिंतन का विषय है। बाह्यदृष्टि स्वयं का आकलन दूसरों के आधार पर करती है और अंतर्दृष्टि बाहर से विमुख होकर अपने भीतर सतत नजरें लगाए रहती है। हमारे दुख का मुख्य कारण अंतर्दृष्टि का बाहर की ओर गमन है। हम लोगों की हमारे प्रति रहने वाली विचारधारा के प्रति कितने संवेदनशील हैं? अकसर हमारे दिमाग में जो बात उभरती है वह हमारे मध्य क्या चल रहा है, क्या बोल रहे हैं और क्या कर रहे हैं, इस पर आधारित है। यह विचारधारा हमारे अनेक दुखों की जड़ है।''**

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि गलत रास्ते पर चलने वाला कभी किसी का भला नहीं कर सकता, इसलिए सही मार्ग का चयन करें। हमारी विचारधारा यतना और विवेक की होनी चाहिए। जो जितना झुकेगा वह उतना ही ऊपर उठेगा। हमारी गलतियों को देख व सुनकर हमें अपने आपको सुधारने का लक्ष्य बनाना चाहिए।

जागरण शिविर में श्री धीरज मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि संकल्प शक्ति को मजबूत बनाएँ। यही उन्नति का द्वार है। मजबूत आत्मविश्वास से जीवन में संघर्ष करके भी सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है।

शासन दीपिका साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा. (बीकानेर वाले) आदि साध्वी मंडल ने गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए तथा तप की अनुमोदना में विभिन्न संकल्प हुए।

## कल्पना-शक्ति पर नियंत्रण करें

**12 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रात: मंगलमय प्रार्थना '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**तुमसे लागी लगन, ले लो अपनी शरण**' भक्ति गीतों का गान किया गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि आत्मा में इतनी ताकत है कि वह सर्वद्रव्य, सर्वक्षेत्र, सर्वकाल को संपूर्ण रूप से जानने में समर्थ है। जानना इतनी बड़ी बात नहीं है जितनी बड़ी बात है सम्यक् रूप से जानने के बाद भी सम बना रहना। ज्ञान इतना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण है ज्ञान होने के बाद भी व्यक्ति समभाव में बना रहे। व्यक्ति यदि साधनाशील न हो तो उसे दुखी होने से कोई नहीं रोक सकता। ज्ञान बढ़ना अलग बात है और ज्ञान बढ़ने के बाद चित्त में वीतरागता का स्तर बढ़ना अलग बात है। लोगों के दुखी होने का कारण है कल्पना-शक्ति। यदि कल्पना-शक्ति दुखी बना सकती है तो वह सुखी भी बना सकती है। यदि हम सुखी बनना चाहते हैं, मन को पवित्र बनाए रखना चाहते हैं और मनुष्य जीवन का सार निकालना चाहते हैं तो कल्पना-शक्ति पर नियंत्रण करें।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि व्यक्ति दूसरों का पुरुषार्थ देखकर ईर्ष्यालु हो जाता है, लेकिन पुरुषार्थशील नहीं होता। हमारे हर कार्य में यतना होनी चाहिए, मर्यादाओं का पालन होना चाहिए। हम अपने मन को शांत रखकर कोई भी कार्य कर सकते हैं। किसी भी नियम का उल्लंघन करके कार्य करने वाले नहीं बनें। हमारी कथनी और करनी में एकरूपता होनी चाहिए। सभा ने '**जिनशासन के वीरों को वंदन हैं, अभिनंदन हैं**' गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न त्याग-प्रत्याख्यान हुए। दर्शनार्थियों का आवागमन जारी रहा।

## नवदीक्षित साध्वीवर्याओं की बड़ी दीक्षा संपन्न

**तू धार सके तो धार, संयम सुखकारी।**
**तू छोड़ सके तो छोड़, दुनिया दुखकारी।।**

**13 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** अनुपम दीक्षा प्रदाता आचार्य भगवन् एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर के पावन सान्निध्य में नवदीक्षिता **साध्वी श्री रामरुचि श्री जी म.सा., साध्वी श्री रामनिभा श्री जी म.सा., श्री रामसुधा श्री जी म.सा.** की बड़ी दीक्षा छेदोपस्थापनीय चारित्र धर्मोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रारंभ में नवकार महामंत्र का जाप किया गया। इस अवसर पर विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए विश्व की विरल विभूति आचार्य भगवन् ने अपनी दिव्यदेशना में फरमाया कि ''**निर्ग्रंथ सरल दृष्टि वाले होते हैं। उनका दर्शन, उनका लक्ष्य सरल होता है। सरल का मतलब सीधी रेखा, कहीं पर टेढ़ापन नहीं। एकदम सीधा मोक्ष होगा।**

**निर्ग्रंथ उस ऋजु को देखने वाला सरलता को देखने वाला होता है। विकल्पनाओं के जाल में वह अपने आपको उलझाता नहीं है। आत्मदृष्टि से हमने महाव्रतों को स्वीकार किया है, हमारा वही लक्ष्य जीवनपर्यंत रहना चाहिए। कोई भी कार्य करें, आत्महित के लिए करें। बोलना, चलना, खाना, पीना, सोना आदि कोई भी कार्य हो, वह आत्महित के लिए होना चाहिए। आत्महित मेरा लक्ष्य है। आत्महित के लिए साधु की पोशाक पहनी है। आत्महित के लिए परीषहों को सहन करना है, इंद्रियों के मौज-शौक के लिए नहीं। भगवान महावीर फरमाते हैं कि जिस श्रद्धा एवं भाव से, जिस उमंग से साधु जीवन स्वीकार किया है वही दृष्टि अंतिम समय तक बनी रहनी चाहिए। वीर पुरुष कठिनाइयों से घबराते नहीं है। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह बहुत कठिन व्रत हैं। मूलव्रतों को आपने स्वीकार किया है। आत्मकल्याण की दिशा में हमारा कदम निरंतर बढ़ते रहना चाहिए।''**

बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर ने बड़ी दीक्षा विधि प्रारंभ की। दशवैकालिक सूत्र के चार अध्ययन का पठन करते हुए नवदीक्षिताओं को तीन करण तीन योग से हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन, परिग्रह का संपूर्ण रूप से त्याग के पच्चक्खाण करवाकर अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह महाव्रतों में आरूढ़ कर प्रतिज्ञाबद्ध करवाया।

नवदीक्षितों ने अपने संकल्प-पत्र का पठन करते हुए फरमाया कि हे भगवन्! संयम रत्न प्रदानकर आपने महान उपकार किया है। पाँच समिति, तीन गुप्ति और पाँच महाव्रतों का शुद्ध पालन कर हम अपने परम लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु दृढ़ संकल्पित हैं। हम आपकी आज्ञा की आराधना एवं चारित्रात्माओं व शासन की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## आचार-विचार में एकरूपता हो

**14 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रात: मंगलमय प्रार्थना '**मेरे प्यारे देव गुरुवर, श्री जिनधर्म महान**' एवं '**जय राम गुरु बोलो सा**' भक्ति गीतों के साथ भक्ति-साधना की गई। आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मंगलपाठ प्रदान किया। तत्पश्चात् आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए श्री हर्षित मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि आत्मा द्रव्य है। वह स्वयं परमात्म स्वरूप है। आत्मा का स्वरूप बादलों की छटा के समान बताया है। बादलों की छटा सूर्य के सामने आती है तो सूर्य के प्रकाश को भी मंद कर देती है। गुरुदेव ने फरमाया है कि हमें पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। आत्मा-परमात्मा हमारे जीवन प्रसंग का एक मुख्य सिद्धांत है। धन की उपलब्धता होने से इस संसार में प्रत्येक प्राणी के कर्तव्यों में परिवर्तन आने लगता है। व्यक्ति जैसा अपने आपको मानता है उसी अनुसार उसके कृत्य और विचार रहते हैं। जब तक मनुष्य के पास धन की अनुपलब्धता रहेगी तब तक उसका आचरण भिन्न रहेगा और उसके पास धन की उपलब्धता होगी उसके स्वभाव और आचरण में भिन्नता प्रकट होगी।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने फरमाया कि सिर्फ ज्ञान नहीं, क्रिया भी होनी जरूरी है। कोई भी काम विधि अनुसार हो तो लाभ मिलेगा। प्रमार्जन, प्रतिलेखन समय पर होना जरूरी है।

साध्वी श्री सुशीला कँवर जी म.सा. (बीकानेर वाले), साध्वी श्री कमलप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री कल्याण कँवर जी म.सा., साध्वी श्री श्वेता श्री जी म.सा., साध्वी श्री लक्ष्यप्रभा जी म.सा., साध्वी श्री प्रभावना श्री जी म.सा., साध्वी श्री सुरभि श्री जी म.सा., साध्वी श्री निखार श्री जी म.सा., साध्वी श्री चंद्रिका श्री जी म.सा., साध्वी श्री खंतिप्रिया श्री जी म.सा. आदि साध्वीवृंद ने गुरुभक्ति गीत प्रस्तुत किया। परिवर्धनम् शिविर उदयपुर के 29 बालक-बालिकाओं ने गुरुचरणों में सुंदर भावों की अभिव्यक्ति दी। बीकानेर संघ के संरक्षक व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आचार्य भगवन् के आगामी 2026 के चातुर्मास एवं '**अभिमोक्षम्**' शिविर की पुरजोर विनती प्रस्तुत की।

श्री गौरव मुनि जी म.सा. ने स्वाध्याय में रत रहने की प्रेरणा देते हुए हर कार्य यतना-विवेक व उपयोगपूर्वक करने का आह्वान किया। महेश नाहटा ने आचार्य भगवन् के अतिशय एवं वीर दीक्षार्थी परिवार के आदर्श त्याग की सराहना की। अन्य अनेक त्याग-प्रत्याख्यान हुए। दीक्षा में अंतराय नहीं देने का संकल्प उपस्थित धर्मप्रेमी भाई-बहनों ने लिया। परम गुरुभक्त समीरमल जी मुणोत, रतलाम के निधन पर परिजनों ने गुरुचरणों में उपस्थित होकर आध्यात्मिक शांति व संदेश प्राप्त किया।

स्थानीय सुश्रावकों ने '**जिनवाणी प्यारी लागे**' गीत प्रस्तुत कर सबको भाव-विभोर कर दिया। एकासना, आयंबिल, उपवास, बेला, तेला आदि के प्रत्याख्यान हुए।

# अनुपम साधिका श्री प्रेमलता जी म.सा. को भावांजलि

**15 जून 2025, सेठिया कोटड़ी, बीकानेर।** प्रातः मंगलमय बेला में रविवारीय समता शाखा में समता आराधना करने हेतु जनश्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। आचार्य भगवन् ने असीम कृपा करके मंगलपाठ प्रदान किया।

युगनिर्माता आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत, वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्रद्धेय श्री राजेश मुनि जी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी शासन दीपिका साध्वी श्री प्रेमलता जी म.सा. के चित्तौड़गढ़ में देवलोकगमन पर श्री साधुमार्गी जैन सेवा समिति, बीकानेर द्वारा गुणानुवाद सभा में हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आराध्यदेव आचार्य भगवन् ने शांत-प्रशांत-गंभीर मुद्रा में अपनी दिव्यवाणी में फरमाया कि "**मृत्यु अवश्यंभावी है, सभी जानते हैं। लगभग लोगों का मौत से बचने का लक्ष्य रहता है, लेकिन मौत से बचा नहीं जा सकता। हमारे लिए जानना जरूरी है। जैसी मति होगी उसी दिशा में कदम बढ़ेंगे। महासती जी ने खेलने-कूदने की उम्र में संयम जीवन स्वीकार कर लिया। हाथ में खिलौनो की जगह पात्र-रजोहरण ले लिया। आपको महाश्रमणीरत्ना साध्वी श्री इंद्र कँवर जी म.सा., साध्वी श्री पैप कँवर जी म.सा. का सान्निध्य मिला। जो खाने को दिया वो खा लिया। जो पहनने को दिया, वो पहन लिया। कोई प्रतिक्रिया नहीं, समर्पणा में वस्तु गौण है। पूज्य गुरुदेव से अहोभाव से ग्रहण करते। श्रद्धा-समर्पणा महत्व रखती है। अपना वर्चस्व गौण कर दिया। सत्य के अनुरूप जीवन ढाल लिया तो सुखद समीर चलती रहेगी। दुख का कारण मैं और मेरापन है। सुख का कारण बड़ों ने जो दे दिया वह उपयोगी है। जहाँ समर्पणा है वहाँ सुख ही सुख है। रोग से दुख होता है। सरल महासती जी का वियोग खलने लायक है। एक दिन सभी का ऐसा प्रसंग बनना है। जन्म लेने वाले की मृत्यु निश्चित है। सहवर्ती साध्वियों ने दायित्व निर्वहन किया, पुरुषार्थ किया, सेवा धर्म को अपनाया। हम भी समता समाधि से जीएँगे। क्यों हाय-हाय करना! बीकानेर वालों को उनके सान्निध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ।**"

